



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 7 जुलाई 2026


# नक्सलमुक्त राज्य अब पर्यटन राज्य के रूप में बनाएगा पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पेंड्रा

खास खबर

जिले में हरिभूमि और आईएनएच का जिला संवाद कार्यक्रम मल्टीपर्पस स्कूल के असेंबली भवन में संपन्न हुआ। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कांग्रेस सरकार पर जनहित के कामों को रोकने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले 27 महीने में भाजपा की सरकार लगातार जनहित के कामों को आगे बढ़ा रही है। नक्सलवाद खत्म हो गया है और अब छत्तीसगढ़ पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। जल्द ही छत्तीसगढ़ की पहचान पर्यटन राज्य के रूप में स्थापित हो जाएगी। उन्होंने तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया।

उन्होंने दावा किया कि अनुसूचित जाति समाज बीजेपी के कामों को देखते हुए ही पार्टी से जुड़ रहा है। गुरु खुशवंत साहेब ने धर्म नीति और राजनीति को सिक्के का एक ही पहलू बताया। उन्होंने कहा कि जीपीएम जिले के आईटीआई को केंद्र व राज्य के बजट से सुधारा जाएगा, साथ ही इसे अपग्रेड भी किया जाएगा। लंबे समय से चल रहे बाईपास की मांग इस सत्र में पूरी हो जाएगी। 100 करोड़ से अधिक के काम भी क्षेत्र में किए जा रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 7 पर

## जिला संवाद में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से किए सवाल



*सवाल- भाजपा सरकार के ढाई साल और मंत्री के रूप में आपके 6 महीने का कार्यकाल, कैसी चल रही है सरकार?*

**मंत्री :** इन ढाई सालों में नक्सलवाद का खत्म होना सबसे बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही विकासशील और विकसित राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ की पहचान बन रही है। जल-जंगल जमीन को बचाने की बात सभी लोग कर रहे हैं। उस दिशा में बेहतर तरीके से काम हो रहा है। हमारे बस्तर क्षेत्र में विकास कार्यों में अभूतपूर्व तेजी आई है। इसके अलावा 18 लाख आवास जो कि कांग्रेस सरकार ने रोककर रखा था, उसे बनाया जा रहा है। 1600 घर प्रतिदिन बना रहे हैं। यह एक उपलब्धि है। इसके अलावा 24 लाख मकान की अलग से स्वीकृति मिली है, जिसमें से साढ़े आठ लाख मकान बनाकर तैयार हो गए हैं। मातृशक्ति को मजबूत करने की दिशा में महतारी वंदन योजना लागू की गई है। 70 लाख महिलाओं को पिछले 27 महीने से इस योजना का लाभ मिल रहा है। राज्य में पहले 8 - 9 मेडिकल कॉलेज थे। पांच और मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में जीपीएम जिले में ही तीन एकलव्य स्कूल संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही 12 हॉस्टल हैं जिसमें प्रत्येक में 100 सीट हैं। बेहतर पढ़ाई का ही नतीजा है कि इस बार जीपीएम जिले में बोर्ड का रिजल्ट बेहतर आया है।

**जीपीएम जिले में आईटीआई का होगा उन्नयन, जल्द ही तैयार होगा बाईपास, विकास की दौड़ में आगे बढ़े क्षेत्र**



*सवाल: सरकार में फैसला कौन लेता है, इस पर लगातार आरोप लगते रहे हैं।*

**मंत्री:** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी हैं, जो संवेदनशील,सहज सरल व मिलनसार हैं। वे जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाते हैं। इसी का उदाहरण हर साल सुशासन तिहार का आयोजन है। मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन भी शुरू की है, जिसका नंबर 1076 है। इस पर कॉल करके सीधे मुख्यमंत्री से बात की जा सकती है और अपनी समस्याओं का समाधान कराया जा सकता है। सभी विभागों को इन शिकायतों और मांगों पर समय सीमा के भीतर निराकरण करने का निर्देश भी दिया गया है।

*सवाल: सारा पैसा महतारी वंदन योजना में ही चला जा रहा है या प्रदेश के विकास के लिए बजट भी है?*

**मंत्री :** मुख्यमंत्री विष्णु है, तो उनके पास धनराशि की कमी नहीं हो सकती । प्रदेश में बजट की कहीं कोई कमी नहीं है और सभी काम बेहतर तरीके से कराए जा रहे हैं। जीपीएम जिले में ही चार करोड़ रुपए की लागत से सेंट्रल लाइब्रेरी बन रही है। इसके अलावा जिले में ही 100 करोड़ रुपए से अधिक के काम हो रहे हैं। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही सड़कों का काम तेजी से जारी है।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद के बाद ट्रस्ट की बैठक में बड़ा फैसला

# चंपत और अनिल की छुट्टी, कृष्ण मोहन राम मंदिर ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

**राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बाद सोमवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक हुई। बैठक करीब तीन घंटे तक चली। महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया। अंतरिम महामंत्री का दायित्व पूर्व आईएफएस अफसर कृष्ण मोहन को सौंपा गया है।**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर के चढ़ावे में कथित गबन की जांच जारी रहने के बीच सोमवार को यहां एक बैठक के दौरान अपने महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार कर लिए। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में अंतरिम व्यवस्था के तौर पर सदस्य कृष्ण मोहन को महासचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### ट्रस्ट की बैठक में कौन-कौन?

बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष हंत नृत्य गोपाल दास, कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज, निर्मोही अखाड़ा के प्रतिनिधि और ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास, ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल शामिल रहे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश सरकार के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव (पदेन सदस्य) संजय प्रसाद और अयोध्या के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

**राम मंदिर में तिरुपति मॉडल लागू करने की तैयारी, सीईओ की नियुक्ति के लिए बनी हाई-पावर कमेटी**



#### कौन हैं कृष्ण मोहन

कृष्ण मोहन ने 1970 में लखनऊ यूनिवर्सिटी से जियोलॉजी में एमएससी की डिग्री हासिल की। इसके बाद, वे इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (महाराष्ट्र कैडर) में शामिल हुए और विभाग में अपनी सेवाएं दीं। महाराष्ट्र में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कई अहम पदों पर काम किया, जिनमें डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर और कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट्स शामिल हैं। 2012 में रिटायर होने के बाद, वे हरदोई लौट आए। इसके बाद, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में कई जिम्मेदारियां निभाईं।

#### 200 करोड़ से ज्यादा का गबन!

जानकारी से पता चलता है कि राम मंदिर चंदा चोरी मामले में 200 करोड़ से ज्यादा की रकम का गबन किया गया है। चंदा चोरी मामले में राम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर अयोध्या पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई थी। एसआईटी की रिपोर्ट सामने आने के बाद ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और उन्हें जेल भेजा गया। साथ ही चंपत राय और अनिल मिश्रा को भी अपने पदों से इस्तीफा देना पड़ा।

# भिड़ंत के बाद वाहनों में आग दो युवकों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| वाड्रफनगर

सोमवार को बाइक भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई। बलंगी मार्ग पर हुए हादसे में एक महिला और युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इनमें से एक युवक की शादी कुछ महीने पहले ही हुई थी और वह ससुराल से पत्नी को लेकर लौट रहा था। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया इसके साथ ही शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है सोमवार की दोपहर दो से ढाई बजे के बीच वाड्रफनगर बलंगी मार्ग पर ▶▶|शेष पेज 7 पर

**कुछ महीने पहले हुई थी युवक की शादी, लौट रहा था ससुराल से**



#### बाइक में शार्ट सर्किट से आग

पुलिस के अनुसार घटना के समय क्षेत्र में बारिश हो रही थी। संभावना है कि बारिश के कारण दोनों ही बाइक चालक तेज गति से जा रहे थे। आपस में भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों युवकों की बाइक में शार्ट सर्किट हुई और आग लग गई। पुलिस ने शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच चल रही है। इस घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है।



# Beyond Academics. Towards Excellence.

## Unveiling the Radiant Realm of Global University in Raipur.

Discover Krishna Vikas Global University, where contemporary courses and industry collaborations foster innovation, shaping the leaders of tomorrow.

Explore your potential with industry-integrated UG & PG courses @ Krishna Vikas Global University, in a sprawling 60-acre campus in the heart of Raipur.





### TOP-NOTCH COMPANIES WHERE OUR ALUMNI ARE SUCCESSFULLY PLACED

KESAR | fixingdots | Jain Software | Johnson LIFTS & ESCALATORS | RAS | MRF | Pfizer | HETERO | LUPIN | Bit & Binary | burjeel | Botivate | Bafna Biotech | AuthBridge | ISPAT

### COLLABORATORS FOR INTERNSHIPS AND ACADEMIA–INDUSTRY TIE-UPS

#MRCA | MAA KUDARGARHI GROUP | AB Castings Nagpur, Maharashtra | EKAI - ICHI WAY TO SMART LIFE | NAV DURGA GROUP | FLUENTGRID | BARBARIK | SHOORVIR

### FASTEST GROWING KRISHNA VIKASH EDUCATIONAL NETWORK IN EAST INDIA.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | 2 | 16 | 3 | 21K+ | 50K+ |
| Years of Educational Excellence | Universities in Raipur and Bhubaneswar | IB, CBSE and CHSE K-12 Schools | Multi-Speciality Hospitals in Odisha | Students in Schools and Colleges | Alumni spread globally |

**UG, PG and Doctoral courses offered by Krishna Vikas Global University**

School of Engineering | School of Pharmacy | School of Commerce & Management
School of Sciences & Computing | School of Education & Social Sciences

**KRISHNA VIKAS GLOBAL UNIVERSITY**

Krishna Vikas Global University Campus, Veer Savarkar Nagar, Near Nandanvan, Raipur - 492099, Chhattisgarh, India.

**Contact: 9229355572, 9109971170, 9229355583.**

**City Office:** 3rd Floor, Opposite Samsung Service Center, SLT Water Front, Marine Drive, Telibandha, Raipur.

KRISHNA VIKAS GLOBAL UNIVERSITY

KRISHNA VIKAS GLOBAL UNIVERSITY

www.kvgu.ac.in

MAHESHWARI

रायपुर
मंगलवार 7 जुलाई 2026
आषाढ़, कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 24, अंक : 346
पृष्ठ : 12+4+4+8 =28 मूल्य : 5 .00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 26.4
न्यून. 24.0

# महतारी वंदन में 'महतारी' बन गया युवक, बारह महीने खाते में पहुंचते रहा पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित महतारी वंदन योजना में खैरागढ़ परियोजना अंतर्गत सत्यापन व्यवस्था की बड़ी चूक सामने आई है। ग्राम मुढ़ीपार के एक पुरुष हितग्राही तिलोक साहू का आवेदन न केवल योजना में दर्ज हो गया, बल्कि ऑनलाइन रिकॉर्ड के अनुसार आंगनबाड़ी स्तर और सुपरवाइजर स्तर पर भी उसे सत्यापित कर दिया गया। इसके बाद उसके बैंक खाते में लगातार दस महीने तक योजना की राशि पहुंचती रही। हैरानी की बात ▶▶ शेष पेज 7 पर

## आवेदन में खुद को बताया अपना पति, एक साल बाद हुआ खुलासा

अलग खबर

### नाम भी तिलोक, पति का नाम भी तिलोक फिर भी दो स्तर पर आवेदन पास

महतारी वंदन योजना के ऑनलाइन रिकॉर्ड में तिलोक साहू का आवेदन पब्लिक द्वारा दर्ज होना बताया गया है। आवेदन खैरागढ़ परियोजना, मुढ़ीपार सेक्टर और संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ा है। सबसे गंभीर सवाल यह है कि रिकॉर्ड में आंगनबाड़ी द्वारा जांच की स्थिति 'सत्यापित' और सुपरवाइजर द्वारा जांच की स्थिति भी 'सत्यापित' दिखाई दे ▶▶ शेष पेज 7 पर




### रिकॉर्ड में 12 महीने का भुगतान, विभागीय पत्र में केवल 10 हजार की वसूली

मामले में एक और विसंगति सामने आई है। उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान रिकॉर्ड के अनुसार संबंधित खाते में 12 महीने की महतारी वंदन योजना की राशि पहुंचने की जानकारी सामने आई है, जबकि एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना खैरागढ़ द्वारा 3 जुलाई 26 को बैंक को जारी पत्र में अपात्र हितग्राही से केवल 10 हजार रुपये शासन के खाते में वापस स्थानांतरित करने के निर्देश दिया गया हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि ▶▶ शेष पेज 7 पर

### ट्रायल के लिए किया था आवेदन

तिलोक साहू ने बताया कि वह सीएससी सेंटर संचालित करता है और महतारी वंदन योजना का पोर्टल शुरू होने के शुरुआती दौर में आवेदन की प्रक्रिया समझने एवं ट्रायल के उद्देश्य से उसने स्वयं आवेदन किया था। उसके अनुसार खाते में कुल 10 हजार रुपये की राशि आई थी, जिसके बाद भुगतान बंद हो गया। तिलोक ने बताया कि विभाग द्वारा रिकवरी की कार्रवाई किए जाने के बाद 10 हजार रुपये वापस कर दिया है।

### एक साल तक सोता रहा सत्यापन तंत्र

महतारी वंदन योजना में आवेदन की जांच के लिए आंगनबाड़ी और सुपरवाइजर स्तर की व्यवस्था होने के बावजूद एक पुरुष का आवेदन स्वीकृत होकर महीनों तक भुगतान जारी रहना विभागीय निगरानी की गंभीर कमजोरी को उजागर करता है। बड़ा सवाल यह भी है कि यदि मामला सामने नहीं आता तो क्या भुगतान आगे भी जारी रहता? योजना के पात्र हितग्राहियों की जांच करने वाला तंत्र एक पुरुष आवेदक को 12 महीने तक क्यों नहीं पहचान सका और भुगतान रोकने में इतना लंबा समय क्यों लगा, इसकी जवाबदेही तय होना आवश्यक है। केवल राशि वापस लेना ही पर्याप्त कार्रवाई मानी जाएगी या गलत आवेदन के सत्यापन और स्वीकृति में जिम्मेदार लोगों पर भी कार्रवाई होगी, अब इस पर नजर रहेगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

## चौबीस घंटे में मूसलाधार, बलौदाबाजार में 201, राजिम में 183 और लवन में 166 मिमी. बरसात

# छह दिनों में सूखे का संकट खत्म, छग में बरसा 146 मिमी पानी, अब सिस्टम बढ़ रहा आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


बंगाल की खाड़ी में बने ताकतवर सिस्टम के असर से प्रथम सप्ताह में 146.5 मिमी. बरसात हो चुकी है। वर्तमान में कुल वर्षा का आंकड़ा 213 मिमी. हो चुका है, जो औसत 258.3 मिमी. वर्षा से 18 फीसदी कम है। राज्य में पिछले चौबीस घंटे में बलौदाबाजार में 201, राजिम में 183 और लवन में 166 मिमी. बरसात दर्ज की गई है।

**राज्य में कुल वर्षा का आंकड़ा 213 मिमी. तक पहुंचा यह औसत 258.3 से महज 18 फीसदी कम**

बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम आगे बढ़ते हुए ताकतवर होता चला गया, जिससे प्रदेश मानसून की पहली बारिश से सराबोर हो गया। राज्य के 48 क्षेत्रों में भारी से अतिभारी बारिश हो गई। गुरुवार शाम से मौसम में हुए बदलाव का असर लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। बादलों के घनघोर तरीके से बरसने की वजह से जून में आई कमी की भरपाई हो गई। आज की स्थिति में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला ▶▶ शेष पेज 7 पर

तीन दिनों की बारिश ने राज्य के बड़े इलाके को प्रभावित कर रखा है। कई इलाकों में रिकार्डतोड़ बारिश की वजह से छोटे रपटे-नालों में ऊफान के हालात हैं। कहीं कहीं मार्ग भी बाधित रहे। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के तकरीबन सभी हिस्सों में जमकर बारिश हुई है। मात्र 66.5 मिमी. वर्षा के साथ जून खत्म होने से बढ़ी चिंता जुलाई के छह दिन की बारिश से दूर हो गई।

## 30 जून तक राज्य में सिर्फ 66.5 मिमी. बरसे थे बादल



पिछले 48 घंटों से जारी है बारिश, नदी-नाले ऊफान पर

**इन इलाकों में हुई वर्षा** पिछले चौबीस घंटे में बलौदाबाजार में 20, राजिम में 18, लवन में 17, गिधौरी, भाटापारा 16-16 सेमी., गोबरानवापारा, बिलाईगढ़ 15, राजनांदगांव, भटगांव, अकलतरा, तिल्दा, खरोरा, रायगढ़, सिमगा, सोनाखान, मगरलोड में 12-12, मंदिर हसौद, कोरबा, पलारी, सारंगढ़, सुहेला सहित आधा दर्जन क्षेत्रों में 10 सेमी. तक बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा प्रदेश का बढ़ा हिस्सा ▶▶ शेष पेज 7 पर

### दुर्ग शहर में दो दिन में11.62 इंच बारिश

दुर्ग। शहर में बारिश का 56 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया है। 5 और 6 जुलाई को करीब 295.2 मिलीमीटर यानी करीब 11.62 इंच पानी गिर चुका है। इससे पहले वर्ष 1970 में जुलाई के पहले हफ्ते में 6 इंच से ज्यादा पानी गिरा था। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में भी बारिश की संभावना बनी हुई है। दुर्ग जिले में अब तक 263.4 मिमी औसत बारिश हो चुकी है। यह समान्य 254.4 मिमी से थोड़ी ज्यादा है। लगातार हो रही बारिश से शिवनाथ ▶▶ शेष पेज 7 पर

**सड़क पर गिरा पेड़**



### एनएच 130 सी मैनपुर- देवभोग मार्ग में 10 घंटे लगा जाम

मैनपुर। गरियाबंद जिले में लगातार बारिश के बीच मैनपुर के कोदोमाली के पास सड़क पर एक विशाल पेड़ गिर जाने से रविवार देर रात करीब 12 बजे से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सड़क के दोनों ओर ट्रक, बस, कार और अन्य वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे सैकड़ों यात्रियों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ा। जाम में फंसे नीलम नागेश ने बताया कि आंधी- बारिश के कारण ▶▶ शेष पेज 7 पर

**गरियाबंद- धमतरी का संपर्क टूटा**

गरियाबंद। जिले में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश ने जहां किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है, वहीं कई ग्रामीण और शहरी इलाकों में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। बारिश से खेत- ▶▶ शेष पेज 7 पर

**मानसून का कहर**



### महाराष्ट्र और हिमाचल में चार की मौत, कई राज्यों में मूसलाधार

नई दिल्ली। मानसून ने सोमवार को देश के कई हिस्सों में कहर बरपाया। महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में लोगों की जान गई, रेल और सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। भूस्खलन और बाढ़ की घटनाएं सामने आईं तथा ओडिशा के कई कस्बे जलमग्न हो गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कई राज्यों में भी भारी बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है।

**रेल मंत्री ने की समीक्षा**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई के हालात की समीक्षा की और मध्य रेलवे तथा पश्चिम रेलवे के अधिकारियों को रेल सेवाएं जल्द बहाल करने के लिए राहत एवं मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**इन राज्यों का ऐसा हाल**

दक्षिण-पश्चिमी मानसून के असर से राजस्थान की राजधानी जयपुर सहित विभिन्न जिलों में जोरदार बारिश हुई है। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार की सुबह अपेक्षाकृत ठंडी रही। दिल्ली का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 0.9 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी ने कहा है कि अगले कुछ दिनों तक पश्चिमी, मध्य और उत्तरी भारत के कई हिस्सों में मानसून की सक्रिय स्थिति बनी रहने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### राजनयिकों ने राष्ट्रपति को सौंपे परिचय पत्र



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में सूरीनाम और मंगोलिया सहित छह देशों के राजनयिकों के परिचय पत्र स्वीकार किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में मोज़ाम्बिक गणराज्य के उच्चायुक्त अरमांडो पेड्रो मुइआने जूनियर, निकारागुआ गणराज्य की राजदूत नादेस्का इमारा कुथबर्ट कार्लसन और सूरीनाम गणराज्य की राजदूत हनीशा जयराम शामिल हैं।

### एलओसी के पास ड्रोन दिखने के बाद तलाशी

जम्मू। जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे एक गांव के ऊपर संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे जाने के बाद सोमवार तड़के तलाश अभियान शुरू किया गया। रविवार देर रात सुंदरबनी सेक्टर के अग्रिम गांवों मीनका और बेरीपट्टन के ऊपर ड्रोन जैसी वस्तु देखी गई। संदिग्ध ड्रोन पाकिस्तान में नियंत्रण रेखा के पार लौटने से पहले कुछ समय के लिए भारतीय क्षेत्र में दाखिल हुआ था। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और सुबह होते ही तलाश अभियान शुरू किया।

### बंगाल की तीन रास सीटों पर उपचुनाव 24 को



नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों के इस्तीफे के बाद खाली हुई पश्चिम बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों पर 24 जुलाई को उपचुनाव होगा। तृणमूल कांग्रेस के जिन तीन राज्यसभा सदस्यों ने इस्तीफा दिया है, उनमें सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बड़ाइक शामिल हैं। इन्होंने विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए जून में अलग-अलग तारीखों पर अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, मतों की गिनती 24 जुलाई की शाम को ही की जाएगी।

**हाईकोर्ट ने कहा- ट्रांसफर के बाद रिलीविंग रोकने का नियम नहीं**

# 20 दिनों के भीतर कर्मचारी को रिलीव करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरू की सिंगल बेंच ने सरकारी कर्मचारियों के तबादलों और उनकी रिलीविंग को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी कर्मचारी का स्थानांतरण एक अनुसूचित क्षेत्र से दूसरे अनुसूचित क्षेत्र में हुआ है तो विभाग विकल्प नहीं मिलने का बहाना बनाकर उसकी रिलीविंग नहीं रोक सकता। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 20 दिनों के भीतर कार्यमुक्त करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया ▶▶ शेष पेज 7 पर



### क्या है मामला

याचिकाकर्ता का ट्रांसफर ओरछा, नारायणपुर से आमाबेड़ा, कांकेर हुआ है। यह दोनों ही स्थान छत्तीसगढ़ के अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इसलिए विभाग इस नियम को गलत व्याख्या करके कर्मचारी को रोक नहीं सकता। कोर्ट ने कहा कि यदि कोई अन्य कानूनी अड़चन न हो, राज्य सरकार इस आदेश की प्रमाणित प्रति मिलने के 20 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को उनके स्थानांतरण आदेश के पालन में तत्काल कार्यमुक्त करें।

### पुलिस आरक्षकों की प्रमोशन मामले में अंतरिम आदेश

हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने राज्य में पुलिस आरक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि विभाग पदोन्नति की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकता है। लेकिन अगली सुनवाई तक किसी भी कर्मचारी का अंतिम पदोन्नति आदेश जारी नहीं करेगा। कोर्ट ने आरक्षकों की वरिष्ठता सूची में नियमों की अनदेखी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश जारी किया है। याचिकाकर्ता सुरेन्द्र कुमार देशमुख ने राज्य शासन व अन्य को पक्षकार बनाते हुए याचिका दायर की है। विवाद पुलिस मुख्यालय पीएचक्यू द्वारा खुद के अनुरोध पर ट्रांसफर होकर ▶▶ शेष पेज 7 पर



### जगन्नाथ रथयात्रा के लिए 300 से अधिक विशेष ट्रेनें

नई दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे इस वर्ष 300 से अधिक विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। ये ट्रेनें नियमित रूप से चलने वाली 800 से अधिक ट्रेनों के अतिरिक्त होंगी। सोमवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने व्यापक तैयारियां की हैं।

- पुरी स्टेशन पर 30 हजार यात्रियों के लिए व्यवस्था

# 13 सालों से शहर में छिपा था गैंगस्टर शब्बीर, चला रहा बस और एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

गैंग्स ऑफ वासेपुर के गैंगस्टर शब्बीर आलम ने सरगुजा में भी अपना एक साम्राज्य खड़ा कर दिया था। दोहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस कस्टडी से फरार होने के बाद आरोपी अपने साथी के साथ शहर में पिछले 13 सालों से रह रहा था। इस दौरान उनसे शहर में आलीशान मकान बनाने के साथ ही बस व एंबुलेंस संचालन का काम भी किया। बड़ी बात यह है कि गैंगस्टर को शहर में इतने वर्षों से संरक्षण दिया जा रहा था। आरोपी की पहचान छिपाने के ▶▶ शेष पेज 7 पर

- बस के संचालक ने दी पनाह, जांच में पुष्टि के बाद पुलिस ने दर्ज किया



### चल रही है जांच

गैंगस्टर को पनाह देने और उसके साथ पार्टनरशिप में करने के मामले में अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी बस संचालक और उसके सहयोगियों की जांच चल रही है। जांच के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

-राजेश अग्रवाल, एसएसपी

### पार्टनरशिप में चल रहा था कारोबार

गैंगस्टर शब्बीर आलम और बस संचालक वैदुल खान के बीच वर्षों से पार्टनर शिप की बात सामने आई है। जांच में यह बात सामने आई है कि वैदुल खान ने ना सिर्फ गैंगस्टर को पनाह दी और उसकी पहचान छिपाई बल्कि उसके साथ पार्टनरशिप में कारोबार भी किया। दोनों के पार्टनरशिप में दो बसें, 40 एम्बुलेंस, सिलाई दुकान का ▶▶ शेष पेज 7 पर

# सिया ने गूगल से पूछा-सोनम को कैसे मिली हाईकोर्ट से जमानत

पुणे। पुणे में लोहगढ़ किले की 400 फीट गहरी खाई में धकेल कर मार दिए गए केतन अग्रवाल की हत्या के मामले में पुलिस को कई बड़े सुराग मिले हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपी सिया गोयल, ने इस हत्याकांड को अंजाम देने से पहले इंटरनेट पर कई खौफनाक चीजें सर्च की थीं। पुलिस ने उसके घर से एक दूसरा छुपाया हुआ मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिससे इस पूरी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। सिया इंटरनेट पर इंदौर के राजा रघुवंशी मर्डर केस के बारे में लगातार पढ़ रही थी। राजा रघुवंशी की भी जून 2025 में मेघालय की एक गहरी खाई में गिराकर हत्या कर दी गई थी और उसकी पत्नी पर प्रेमी के साथ मिलकर हत्या का आरोप है। सिया इसी केस के पैटर्न को समझकर केतन को मारने की प्लानिंग कर रही थी।


बेडरूम में मिला दूसरा मोबाइल

### सर्च किए ये सवाल

- ▶▶ क्या कस्टडी में महिलाओं से मारपीट होती है?
- ▶▶ हत्या के बाद पूछताछ कैसे की जाती है?
- ▶▶ सोनम रघुवंशी से क्या-क्या सवाल पूछे गए?
- ▶▶ सोनम को हाईकोर्ट से जमानत कैसे मिली?

## अमरनाथ यात्रा : अब तक 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

# बर्फानी बाबा का आकार घटकर 1 फीट, पर भीड़ नहीं छंटी

एजेंसी ▶▶| जम्मू

अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक रूप से बनने वाले पवित्र हिम शिवलिंग तेजी से पिघल रहे हैं। ऊंचाई अब घटकर लगभग एक फीट रह गई है। लाइव आरती में भी घटे हुए हिम शिवलिंग साफ दिख रहे हैं। मई में जारी तस्वीरों में इसकी ऊंचाई करीब सात फीट थी, जबकि प्रथम पूजा के समय यह पांच फीट से अधिक था। लगातार बदलते मौसम के कारण शिवलिंग का आकार तेजी से कम हुआ है। हालांकि, आकार घटने का श्रद्धालुओं की आस्था पर कोई असर नहीं पड़ा है। 3 जुलाई से शुरू हुई यात्रा के पहले तीन दिनों में ही 60 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा करीब 48 हजार था।



### बिना पंजीयन पहुंचे कई श्रद्धालु

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के चेयरमैन मनोज सिन्हा ने बिना रजिस्ट्रेशन के यात्रा पर पहुंच रहे श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपनी निर्धारित बारी का इंतजार करें।

### हेलीकॉप्टर सेवा पूरी तरह बंद

इस वर्ष श्राइन बोर्ड ने सुरक्षा कारणों से यात्रा अवधि के दौरान पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों को 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित किया है। हेलीकॉप्टर सेवा पूरी तरह बंद रहेगी और श्रद्धालुओं को पैदल, टट्टू या पालकी के माध्यम से ही गुफा तक पहुंचना होगा। यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बलों तथा अन्य एजेंसियों ने यात्रा शुरू होने से पहले लगातार मॉक ड्रिल आयोजित की थी।

### इधर, हेमकुंड साहिब के तीर्थयात्री घटे

उत्तराखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने का असर चारधाम यात्रा पर भी साफ दिखाई देने लगा है, जहां लगातार हो रही बारिश और खराब मौसम के कारण चारधाम एवं हेमकुंड साहिब पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में पिछले पांच दिनों के दौरान करीब 30 प्रतिशत की गिरावट आयी है। सबसे अधिक असर केदारनाथ धाम में देखने को मिला, जहां बारिश शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या 65 प्रतिशत तक घट गई। राज्य के सभी हिस्सों में एक जुलाई को मानसून सक्रिय हुआ था। एक जुलाई को चारधाम और हेमकुंड साहिब में कुल 27,232 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे।



## ईरान की धार्मिक सत्ता ने भारी जनसमूह के जरिये किया शक्ति प्रदर्शन

# खामेनेई की अंतिम यात्रा, उमड़ी भारी भीड़ हमास, हिज्बुल्लाह-हूती सभी रहे मौजूद

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान की धार्मिक सत्ता ने इस भारी जनसमूह को अपनी ताकत के प्रदर्शन के रूप में प्रोत्साहित किया। यह जुटान ऐसे समय में हुआ है, जब ईरान उस युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है, जिसमें खामेनेई की मौत हो गई थी। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित तस्वीरों में तेहरान के आज़ादी चौक से उसी नाम वाली सड़क पर कई किलोमीटर तक फैली विशाल भीड़ दिखाई दी। यह जनसमूह वर्ष 2020 में दिवंगत कासिम सुलेमानी की अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़ से भी बड़ा नजर आया। उस जुलूस में 10 लाख से अधिक लोग शामिल हुए थे। अधिकारियों ने भीड़ की संख्या को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया। हालांकि, ट्रक के आसपास और अंतिम यात्रा मार्ग के विभिन्न हिस्सों में मौजूद लोग तख्तियां, पोस्टर और बैनर लिए हुए थे, जिन पर ट्रंप की मौत की मांग वाले नारे लिखे थे।

ईरान की राजधानी तेहरान में दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा में सोमवार को काले कपड़े पहने शोकाकुल लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोग अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ नारे लगा रहे थे और ट्रंप मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। ईरान के राष्ट्रीय ध्वज में लिपटे खामेनेई (86) के ताबूत को एक ट्रक में रखा गया। इसी ट्रक में उनके परिजनों के ताबूत भी रखे गए जो 28 फरवरी को युद्ध की शुरुआत में इजराइल और अमेरिका के हवाई हमले में मारे गए थे।

### सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए अधिकारी

जुलूस के साथ चल रही भारी भीड़ को देखते हुए अधिकारी सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। लाउडस्पीकरों के माध्यम से लोगों से धीरे-धीरे चलने, धक्का-मुक्की न करने और सड़क के किनारों पर बने रहने की अपील की जाती रही। अधिकारियों ने ट्रक को इमाम की दरगाह के चारों ओर बनी पारंपरिक सजावटी जाली का स्वरूप दिया है।

### पोस्टर-बैनर में जाहिर किए जज्बात

शोक व्यक्त कर रहे लोगों और उनके हाथों में मौजूद पोस्टरों-बैनरों पर ट्रंप तथा इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या की मांग वाले संदेश लिखे दिखाई दिए। सोमवार सुबह अंतिम यात्रा में शामिल फातिमा हसन ने कहा, 'आज हम अपने नेता के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए हैं। यह हमारे लिए बेहद पीड़ादायक दिन है। हम यहां उन्हें अंतिम विदाई देने नहीं, बल्कि उनका बदला लेने आए हैं और हम यह बदला लेकर रहेंगे।'



### खास बातें

- तेहरान की सड़कों पर 12 घंटे चलेगी यह अंतिम यात्रा
- शनिवार से शुरू हुआ राष्ट्रीय शोक बृहस्पतिवार को होगा समाप्त





## विद्रोही गुटों की मौजूदगी बनी चर्चा का विषय

तेहरान में आयोजित इस समारोह ने पश्चिम एशिया की राजनीति को एक बार फिर यह याद दिला दिया कि हालिया युद्धों, हवाई हमलों और सैन्य दबाव के बावजूद ईरान का 'एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंट' अभी खत्म नहीं हुआ है। खामेनेई के अंतिम संस्कार में हमास, हिजबुल्लाह और हूती. ईरान वॉर और गाजा जंग के बाद दुनिया को ये एहसास होने लगा था कि हमास, हिज्बुल्लाह और हूती की ताकत ढह गई है। लेकिन खामेनेई के जनाजे में हमास, हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों की मौजूदगी सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बनी रही। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में तेहरान समर्थित आतंकी और विद्रोही गुटों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हिज़्बुल्लाह और हमास के दूतों ने विदेश मंत्री अब्बास अराघची से भी मुलाकात की।

### जन्मस्थान मशहद में किया जाएगा सुपुर्द-ए-खाक

शनिवार से शुरू हुआ यह राष्ट्रीय शोक बृहस्पतिवार को समाप्त होगा। इसके बाद खामेनेई को उनके जन्मस्थान मशहद स्थित इमाम रज़ा दरगाह में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इस बीच, अमेरिका ईरान के साथ उन वार्ताओं को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है, जिनका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह फिर से खोलना, उसके विवादित परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना और युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करना है। हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि ये वार्ताएं अंतिम संस्कार संपन्न होने तक स्थगित रहेंगी।

## खबर संक्षेप

### 91 वर्ष के हुए दलाई लामा उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**धर्मशाला।** विश्व प्रसिद्ध बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा सोमवार को 91 वर्ष के हो गए हैं। इस विशेष अवसर पर हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित उनके अस्थायी निवास स्थान के मुख्य तिब्बती मंदिर 'त्सुगलाखंग प्रांगण' में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) और स्थानीय तिब्बती समुदाय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश से आए सैकड़ों बौद्ध अनुयायियों, पर्यटकों और स्थानीय भारतीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### अल्टीमेटम : कविता को बदलना होगा पार्टी नाम

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने तेलंगाना राष्ट्र समिति और फिर उसके नए नाम वाले अवतार भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस नेता रही के. कविता को उनकी नवगठित पार्टी तेलंगाना रक्षणा सेना का नाम बदलने का निर्देश दिया है। बता दें, कविता ने अपनी पार्टी का नाम तेलंगाना रक्षणा सेना यानी टीआरएस रखा था। जिसका संक्षिप्त नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति यानी टीआरएस से हू ब हू मिलता है। इस बाबत बीआरएस नेता के चंद्रशेखर राव और के टी रामाराव ने विरोध किया था। चुनाव आयोग ने बीआरएस नेताओं की आपत्तियों के आधार पर के कविता को निर्देश जारी किए हैं।

### मणिपुर भड़की हिंसा कांगपोकपी में गोलीबारी

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में हथियारबंद लोगों की फायरिंग में 8 साल की एक बच्ची और 56 साल की महिला घायल हो गईं। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार शाम थिंगखोंगजांग गांव में हुई। दोनों घायलों को पहले असम राइफल्स के कैंप में प्राथमिक इलाज दिया गया, फिर देर रात इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) अस्पताल रेफर किया गया। रिम्स अस्पताल के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जून में भी कांगपोकपी में गोलीबारी में घायल तीन कुकी युवकों को इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उन्हें हथियारबंद बताकर अस्पताल में घुसने की कोशिश की थी।

## पीएम मोदी बोले-अपनी उपलब्धियों के जरिए विश्व के साथ देश के बंधन को मजबूत बनाने में प्रवासियों की अहम योगदान

# जकार्ता में मोदी-मोदी के नारों के साथ भारतीयों के शानदार स्वागत से अभिभूत हुए प्रधानमंत्री...

तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच अपनी तीन देशों इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे। जहां हवाईअड्डे पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर उनकी अगवानी की और जोरदार अंदाज में स्वागत किया, इंडोनेशिया के सैन्यबलों की भी उपस्थिति रही। यहां भारतीयों ने मोदी-मोदी के नारों के साथ जोरदार स्वागत किया।

### भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से लेकर भरतनाट्यम और कठपुतली के जरिए रामायण की प्रस्तुति का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में सोमवार को हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत हर मायने में अद्भुत कहा जा सकता है। जिसकी शुरुआत पीएम के विमान की इंडोनेशिया की हवाई सीमा में प्रवेश के साथ हुई। जहां इंडोनेशिया के लड़ाकू विमानों ने उनके विमान को आसमान में सुरक्षा घेरा यानी एस्कॉर्ट प्रदान किया। हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने स्वयं पहुंचकर पीएम मोदी की अगवानी की। जिसके बाद होटल पहुंचने पर वहां पहले से ही बड़ी तादाद में मौजूद प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री का बेहद गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कक्ष में चारों ओर भारत माता की जय और मोदी-मोदी के नारे



गूंजने लगे। अपनी कुछ एक्स पोस्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री ने यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि पीएम मोदी की इंडोनेशिया का कार्यक्रम 6 से 8 जुलाई तक रहेगा।

#### देश की प्रगति में प्रवासियों की गहरी निष्ठा

इंडोनेशिया में भारतीयों की कुल अनुमानित संख्या 1.4 लाख है। उनके जोरदार स्वागत को लेकर प्रधानमंत्री काफी अभिभूत नजर आए और उन्होंने कहा कि प्रवासियों का स्नेह व देश की प्रगति को लेकर उनकी अटूट निष्ठा हकीकत में प्रेरणादायक है। भारत का प्रवासी समुदाय अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों के जरिए दुनिया के साथ हमारे देश के बंधनों को सशक्त बनाने में लगे हुए हैं।

#### यूं जीवंत हुई बुद्ध की शिक्षाएं

एक अन्य एक्स पोस्ट में पीएम ने विहार धर्म रत्न समूह के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत, त्रिरत्न को श्रद्धांजलि का उल्लेख किया। जिसमें समूह ने भगवान बुद्ध की कालातीत शिक्षाओं और त्रिरत्न में शामिल उनके गहन मूल्यों को प्रतिबिंबित किया था। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि इंडोनेशिया के लोगों द्वारा बौद्ध धरोहर की इस समृद्ध विरासत को बेहद उत्साह के साथ संरक्षित करने के अलावा यूं मनाए जाने के रूप में देखना हृदयस्पर्शी है। राजधानी जकार्ता में ही उन्होंने समन्वया समूह द्वारा प्रस्तुत किया गया भरतनाट्यम भी देखा। जिसे लेकर पीएम ने प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि इन परंपराओं को भारत के इस मित्र देश में बेहद निष्ठा और उत्कृष्टता के साथ संरक्षित और प्रस्तुत किया जा रहा है।

#### कठपुतली के जरिए देखी रामायण

एक पोस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया की अनमोल छाया कठपुतली परंपरा वायंग कुलिट का जिक्र किया और बताया कि यह एक आकर्षक प्रदर्शन था। जिसे मैंने देखा है। इसमें रामायण की कालातीत कहानी को जीवंत किया गया। मेरे लिए यह एक मार्मिक याद दिलाने वाला पल था। जिसमें साफ-साफ यह नजर आ रहा था कि हमारी यह साझा सभ्यतागत विरासत कैसे समुद्रों और पीढ़ियों के पार यात्रा करती है? साथ ही अपने शाश्वत मूल्यों को संजोए हुए स्थानीय रूपों में सुंदर अभिव्यक्ति ग्रहण करती हुई नजर आती है। प्रधानमंत्री ने प्रदर्शन में शामिल गणेश नाम की टीम को प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

#### भारत से इंडोनेशिया खरीदेगा ब्रह्मोस, स्कॉर्पीन?

प्रधानमंत्री ने विदेश यात्रा पर रवाना होते हुए दिए वक्तव्य में कहा कि मेरी 6 से 11 जुलाई तक की इस विदेश यात्रा के दौरान मैं 6 से 8 जुलाई तक इंडोनेशिया में प्रवास करूंगा। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के निमंत्रण पर मेरी यह यात्रा हो रही है। पूर्व में मैंने वर्ष 2018 में पहली बार इंडोनेशिया की यात्रा की थी और उस वक्त हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा प्रदान किया था। जिसके करीब 8 साल बाद हो रही मेरी यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। उधर, रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि पीएम की इस यात्रा में इंडोनेशिया द्वारा भारत से की जाने वाली सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद को लेकर जारी बातचीत का मामला खासा जोर पकड़ सकता है।

## पहलगाम हमले में एनआईए ने दाखिल की पूरक चार्जशीट

# 'हाफिज सईद ने ही रची थी पहलगाम हमले की साजिश'

एजेंसी ▶▶| तेहरान

पिछले साल अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार (06 जुलाई) को मामले में एक पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है और उसमें में लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हाफिज सईद को आरोपी बनाया है। एनआईए के एक बयान के मुताबिक, जम्मू में एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र में, आतंकवाद निरोधक एजेंसी ने पाकिस्तान में रहने वाले सईद पर व्यक्तिगत तौर पर और प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा और उसके सक्रिय सहयोगी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' के प्रमुख के तौर पर आरोप लगाए हैं। सईद पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 और गैर-कानूनी गतिविधियां अधिनियम (यूएपीए, 1967 की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए ने आरोपपत्र में सईद पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और सीमा पार से साजिश रचने का भी आरोप लगाया है।



■ भारत के खिलाफ 'युद्ध' छेड़ने का आरोप

#### ऑपरेशन महादेव में मारे गए थे तीनों आतंकी

एनआईए ने 15 दिसंबर, 2025 को दाखिल अपने पिछले आरोप पत्र में पाकिस्तानी हैंडलर साजिद जट्ट को आरोपी बनाया था, साथ ही जुलाई 2025 में 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए तीन आतंकवादियों और गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को भी इसमें शामिल किया था। उसने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर/टीआरएफ पर भी पहलगाम आतंकी हमले की साजिश रचने, उसमें मदद करने और उसे अंजाम देने में भूमिका निभाने के आरोप लगाए। उनके नाम फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान भाई और हमजा अफ़गानी बताए गए थे जो ऑपरेशन महादेव में मारे गए थे।

#### पिछले साल हुआ था पहलगाम हमला

पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए घातक हमले में पर्यटकों को निशाना बनाया गया था; पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। शुरुआत में पहलगाम में थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शुरुआती जांच के बाद, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मामला एनआईए को सौंप दिया था। बयान में कहा गया, 'एनआईए पाकिस्तान की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए मामले की जांच जारी रखे हुए है। पाकिस्तान सीमा पार से भारतीय धरती पर आतंकवाद को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है।'

## टीएमसी पर हक की जंग तेज

# बागियों का दावा पूरी तरह फर्जी आयोग से बोला ममता गुट

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस के मूल गुट ने सोमवार को चुनाव आयोग के सामने अपना जवाब सौंप दिया है। टीएमसी ने पार्टी पर अधिकार जताने वाले बागी गुट के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। पार्टी ने कहा कि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की संगठनात्मक समितियां पार्टी के संविधान के तहत साल 2027 तक पूरी तरह वैध हैं। चुनाव आयोग को जवाब सौंपने के बाद टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि पार्टी ने बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी के प्रतिवेदन के खिलाफ आयोग को एक विस्तृत जवाब सौंपा है। बागी गुट का मुख्य तर्क है कि एआईटीसी और नेशनल वर्किंग कमेटी का कार्यकाल साल 2025 में ही खत्म हो चुका है। कल्याण बनर्जी ने बागी गुट के इस दावे को खारिज किया है।

**कार्यकाल खत्म होने का आरोप गलत :** कल्याण बनर्जी ने कहा कि पार्टी के संविधान में समय-समय पर संशोधन किए गए हैं। साल 2000 में इस कार्यकाल को तीन साल से बढ़ाकर चार साल किया गया था। इसके बाद साल 2006 में इसे बढ़ाकर पांच साल कर दिया गया था। इन सभी बदलावों की जानकारी चुनाव आयोग को दी गई थी। उन्होंने कहा, 'पार्टी के आखिरी संगठनात्मक चुनाव साल 2022 में हुए थे। इसलिए, नियम के मुताबिक एआईटीसी और नेशनल वर्किंग कमेटी का कार्यकाल पांच साल के लिए है।

#### क्या है पूरा मामला?

दरअसल चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी और ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट, दोनों से पार्टी के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं और संगठनात्मक चुनावों को लेकर अपने-अपने दावे और जवाब पेश करने को कहा था। बागी गुट ने चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात कर खुद को 'असली' तृणमूल कांग्रेस बताया था जिसके बाद विवाद बढ़ गया था।

## विनेश केस

### डब्लूएफआई को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार छह जुलाई 2026 को पहलवान विनेश फोगाट से जुड़े मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआई) को बड़ा निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्लूएफआई) से कहा है कि वह विनेश फोगाट को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस पर दो सप्ताह के भीतर फैसला करे। न्यायमूर्ति स्वर्णा कांता शर्मा की पीठ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान विनेश फोगाट की याचिका का निपटारा कर दिया। अदालत ने डब्लूएफआई को निर्देश दिया कि वह नोटिस पर फैसला लेने से पहले विनेश फोगाट को व्यक्तिगत रूप से अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दे।

# ताजमहल या तेजो महालय ? सरकार और एएसआई से मांगा गया जवाब

### सर्वे कराने की मांग की याचिका पर हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सोमवार को एक रिट याचिका पर केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से जवाबी हलफनामा मांगा है। इस याचिका में आगरा के ताजमहल परिसर में मंदिर होने का दावा किया गया है। यह याचिका आगरा जिला कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की गई है। जिला कोर्ट ने दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) और अपर जिला न्यायाधीश ने



विवादित परिसरों का सर्वेक्षण करने के लिए अधिवक्ता आयोग गठित करने का आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुए अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने दलील दी कि अधिवक्ता आयोग गठित करने और विवादित परिसरों की फोटोग्राफी के लिए उनका आवेदन गलत ढंग से खारिज किया गया।

#### जवाबी हलफनामा दाखिलकरे सरकार

जैन की दलील सुनने के बाद जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने केंद्र सरकार और एएसआई को इस मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा और इस रिट याचिका में चौथे प्रतिवादी पंकज कुमार वर्मा को भी नोटिस जारी किया। अधिवक्ता सौम्या श्रीवास्तव के मुताबिक, साल 2015 में एक वाद दायर किया गया था जिसमें यह घोषणा करने का अनुरोध किया गया था कि ताजमहल परिसर में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर है। यह वाद आगरा के दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत में लंबित है। सौम्या श्रीवास्तव के मुताबिक, इस वाद के लंबित रहने के दौरान एक अधिवक्ता आयोग गठित करने के लिए आवेदन किया गया लेकिन जिला न्यायालय की दोनों अदालतों ने इस पर आदेश पारित करने से इनकार कर दिया।

## पहले नदी को पार करने के लिए बांस के अस्थायी पुल (बम्बू ब्रिज) या दूसरा सहारा लेने पड़ता था

### कुल 21 करोड़ की लागत, अक्टूबर 2025 में पूरा करने का था टारगेट, समय से पहले काम पूरा

# 40 गांवों की 70 हजार से अधिक की आबादी को राहत, कार्बी आंगलोंग में धनसिरी नदी पर बना 4 किमी का पुल

विकास चौबे ▶▶| गुवाहाटी

40 गांवों की 70 हजार से अधिक की आबादी सालों से एक अदद पुल के लिए तरस रही थी। गुवाहाटी के कार्बी आंगलोंग में धनसिरी नदी को पार करने के लिए इन लोगों को बांस के अस्थायी पुल (बम्बू ब्रिज) या दूसरा सहारा लेने पड़ता था। पूरा रास्ता उबड़-खाबड़, कच्चा और मिट्टी का था, जिससे सामान्य दिनों में भी चलना दूभर रहता था। अब लेकिन भारत सरकार के पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय की 'उत्तर पूर्व विशेष बुनियादी ढांचा विकास योजना' (एनईएसआईडीएस) के तहत असम के पूर्वी कार्बी आंगलोंग और गोलाघाट जिलों को जोड़ने के लिए धनस्री नदी पर बने नए आरसीसी पुल और पक्की सड़क ने यहां के निवासियों को राहत दी है। यह परियोजना



स्थानीय ग्रामीणों, छात्रों, दैनिक कामगारों और छोटे व्यापारियों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। कारबी, अहोम, नेपाली, बोरो, मिसिंग, खामयांग और चाय बागान जनजातीय समुदायों के छोटे और सीमांत किसानों को अब जिला मुख्यालय जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र (दिफू) गुवाहाटी, गोलाघाट और पड़ोसी राज्य नागालैंड के बड़े व्यापारिक केंद्रों तक सीधी और त्वरित पहुंच मिल रही है। दरअसल लोक निर्माण विभाग (सड़क), असम सरकार के बारपाथर डिवीजन द्वारा इस 'आरसीसी ब्रिज संख्या 3/1 और एप्रोच रोड' का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग-39 (सिलोनीजान स्टेट डिस्पेंसरी) से पनियाका बस्ती होते हुए धनस्री पार घाट तक कुल 4.00 किलोमीटर की कुल लंबाई में किया गया है। इसमें मुख्य पुल का स्पैन 102 मीटर लंबा है।

#### बारिश में कट जाते थे 40 से अधिक गांव

इस अंचल में आए इस व्यापक बदलाव पर स्थानीय ग्रामीण खुश हैं। ग्रामीम नुवलश्याम कहते हैं कि पिछले 30 से 40 वर्षों से हम सभी यहां परेशान थे। मानसून शुरू होते ही जब नागालैंड के लाएसैंग से निकलने वाली बारहमासी धनस्री नदी में बाढ़ आती थी, तो यह पूरा इलाका देश के अन्य हिस्सों से पूरी तरह कट जाता था। उस दौर में मरीजों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने के लिए हमें अपनी जान जोखिम में डालकर छोटी नावों का सहारा लेना पड़ता था। अब सरकार ने इस नदी पर एक मजबूत आरसीसी पुल के साथ पक्की बारहमासी सड़क का निर्माण कर दिया है, जिससे हमारी दशकों पुरानी पीड़ा और मुख्यधारा से अलगाव की समस्या खत्म हो गई है।

#### कृषि में रिकॉर्ड वृद्धि बच्चे पहुंचने लगे स्कूल

ग्रामीणों के मुताबिक परियोजना के निर्माण से पहले जहां सड़क और पुल नहीं होने से फसलें समय पर बड़े बाजारों तक नहीं पहुंच पाती थीं, वहीं, अब इस मार्ग के चालू होने से स्थानीय किसानों के कुल कृषि मुनाफे में 60 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा सुधार हुआ है। पहले मानसून के दौरान भयानक बाढ़ आने और रास्ते पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाने के कारण बच्चे महीनों तक स्कूल-कॉलेज नहीं जा पाते थे, जिससे पढ़ाई बीच में ही छूट जाती थी। अब सुरक्षित और बारहमासी रास्ता उपलब्ध होने के कारण छात्र नियमित रूप से शिक्षण संस्थानों में जा रहे हैं, जिससे छात्रों की कुल उपस्थिति और उच्च शिक्षा के प्रति रुझान में 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

## कीव में 11 लोगों की मौत

# रूस का रातभर ड्रोन मिसाइल से हमला

एजेंसी ▶▶| कीव

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाकर रविवार रातभर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जिनमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस द्वारा दागी गई सभी बैलिस्टिक मिसाइलें अपने निर्धारित लक्ष्यों तक सटीक तरीके से पहुंचीं। इससे यह स्पष्ट हुआ कि यूक्रेन के पास 'पैट्रियट इंटरसेप्टर' मिसाइलों की कमी लगातार गंभीर होती जा रही है। यह हमला यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की द्वारा राजधानी कीव पर रूस के एक और बड़े हमले की आशंका जताए जाने के कुछ घंटों बाद हुआ। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में 60 अन्य लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि बचावकर्मी हमले में निशाना बनाई गई दो बहुमंजिला आवासीय इमारतों के मलबे में लोगों की तलाश में जुटे हैं।

#### अब तक 16000 की मौत

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक यूक्रेन में 16,000 से अधिक नागरिकों की मौत हो चुकी है। इससे पहले, जेलेंस्की ने रविवार देर रात 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में पश्चिमी सहयोगी देशों से यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली को और मजबूत करने की अपील दोहराई। उन्होंने विशेष रूप से अधिक पैट्रियट मिसाइलें उपलब्ध कराने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि इन मिसाइलों की कमी पूरी नहीं की गई, तो इससे रूस का मनोबल बढ़ेगा।

# पोटा केबिन में आज भी प्रेमसिंह टेकाम शिक्षा मंत्री, अभिनेत्री पुलिस अधीक्षक

आदिवासी क्षेत्रों मे संचालित शैक्षणिक संस्थाओं में कुछ शिक्षकों की लापरवाही व अज्ञानता इन दिनों चर्चा में है। 2012 में प्रारंभ हुए पोटाकेबिनों में कुछ ऐसे अधीक्षक है जिन्हे जिले के वरिष्ठ अधिकरियों के नाम तक पता नही है। ऐसा ही कुछ दृश्य उस वक्त सामने आया जब बुड़दी पोटाकेबिन में वर्तमान पुलिस अधीक्षक के नाम के आगे अभिनेत्री का नाम लिख दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले के दूरस्थ पोटाकेबिनों में शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति सवालों के घेरे में है। 4 जुलाई 2026 को नदी पार स्थित पोटाकेबिन जिसमे 350 आदिवासी बच्चों को शिक्षा के लिए पालकों ने भेजा। उसी बुड़दी से ली गई तस्वीर ने शिक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था की पोल खोल दी है। पोटाकेबिन के पटल पर लिखी प्रशासनिक अधिकारी सूची में आज भी वर्षों पुराने अधिकारियों के नाम दर्ज हैं। जबकि राज्य में शिक्षामंत्री, मुख्य सचिव और सुकमा जिले में कलेक्टर और अन्य अधिकारी बदल चुके हैं । इसके बावजूद विद्यालय में जानकारी अद्यतन नहीं की गई है।


अलग खबर


## दीवार पर वरिष्ठ अधिकारियों के नाम में गंभीर त्रुटियां, निरीक्षण व्यवस्था पर उठे सवाल

### दंतेवाड़ा व नारायणपुर कलेक्टर के नाम

पोटाकेबिन बुड़दी के पटल में मुख्य सचिव के रूप में आज भी अमिताभ जैन है । वहीं शिक्षा सचिव सिदार्थ कोमल सिंह परदेशी है। इसी तरह सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन का नाम अंकित है । जबकि ये दोनों अधिकारी दंतेवाड़ा व नारायणपुर कलेक्टर के पद पर पदस्थ है।

**शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम :** भूपेश सरकार में शिक्षा मंत्री रहे प्रेमसाय सिंह टेकाम पोटाकेबिन बुड़दी अधीक्षक के नजर में आज भी शिक्षा मंत्री है। वहीं उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन का नाम अंकित है।




### मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायतः रीना



पोटाकेबिन मामले को लेकर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रीना पेद्दी ने कहा कि पोटाकेबिन बुड़दी मे कांग्रेस शासन काल के शिक्षा मंत्री के नाम का उल्लेख होना गंभीर लापरवाही है। साथ ही जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के गलत नाम लिखना यह क्षम्य नही है। अधीक्षक पर कार्रवाई न होने की स्थिति में मुख्यमंत्री को शिकायत की जाएगी।

### कप्तान की जगह अभिनेत्री का नाम

हैरानी की बात यह है कि दीवार पर पुलिस अधीक्षक के रूप में जिया चुवन का नाम लिखा है जो राजस्थान के रामदेवरा की है। जो भारतीय टेलीविजन इंडस्ट्री में अभिनेत्री है। 29 मई 2023 को जिले के पुलिस अधीक्षक बने किरण चव्हाण सफल अफसर रहे हैं जिन्होंने नक्सल मुक्त में अहम भूमिका निभाई है। बावजूद बुड़दी पोटाकेबिन के दीवार में पुलिस अधीक्षक के नाम की जगह अभिनेत्री का नाम होना सवाल खड़ा करता है।

## खबर संक्षेप

### कोतवाली से महिला फरार तीन पुलिसकर्मी निलंबित




**बालोद।** चोरी के मामले में कोतवाली थाने में पूछताछ के लिए लाई गई एक महिला के फरार होने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले के विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार शहर के नयापारा निवासी रेखा सोरी को कोतवाली थाना में चोरी के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था।रविवार दोपहर पूछताछ के दौरान रेखा सोरी पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। तत्काल जिलेभर में अलर्ट जारी किया गया। ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक शिवराम ध्रुव, आरक्षक उमेश निषाद और महिला आरक्षक पूर्णिमा ठाकुर को एसपी ने निलंबित कर दिया।

**तलाश में जुटी पुलिसः** रेखा सोरी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर पता तलाश कर रही है। आसपास के थाना क्षेत्रों को भी सतर्क कर दिया गया है। तलाश के लिए अलग–अलग टीमें भी बनाईं गईं हैं।

## सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

# एससी, एसटी और ओबीसी के रिक्त पदों पर भर्ती पूरी होने तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षित रिक्त पदों पर भर्ती के लिए सरकार ने विशेष अभियान चलाने का निर्देश सभी विभागों को दिया है। खास बात ये है कि यह अभियान उस समय तक जारी रखा जाएगा जब तक कि बैकलाग के सभी पद नहीं भर लिए जाते। इस आदेश में यह भी कहा गया है कि यह अभियान चलाने में लापरवाही के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष पर जवाबदेही तय की जाएगी।

छत्तीसगढ़ सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षित रिक्त पदों (बैकलॉग) को भरने के लिए एक बार फिर सभी विभागों को विशेष भर्ती अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं। सभी विभागों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों, विभागाध्यक्षों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।बैकलॉग पदों को प्राथमिकता से भरने के निर्देश

सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि पहले भी वर्ष 2006, 2007, 2008 और 2016 में इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए जा चुके हैं। लेकिन ये सभी अभियान एक सीमित समय तक के लिए थे, इस बार भर्ती पूरी होने तक अभियान जारी रखने कहा गया है। इस बार के निर्देशों के अनुसार सीधी भर्ती वाले पदों पर एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के आरक्षित रिक्त पदों की पूर्ति विशेष भर्ती अभियान के माध्यम से लगातार की जानी है। अब विभागों को दोबारा याद दिलाया गया है कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए बैकलॉग पदों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र भरा जाए।

### लापरवाही पर एचओडी होंगे जिम्मेदार




### लापरवाही पर विभागाध्यक्ष होंगे जिम्मेदार

सरकार ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि बैकलॉग पदों की भर्ती में शिथिलता बरती जाती है तो इसकी सीधी जिम्मेदारी विभाग प्रमुख की होगी। संबंधित अधिकारी की गोपनीय चरित्रावली (एसीआर) में भी इसका उल्लेख किया जाएगा। नियुक्ति देने वाले सक्षम अधिकारी की जवाबदेही भी इसी प्रकार निर्धारित होगी।

### विशेष अभियान पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं

आदेश में कहा गया है कि विशेष भर्ती अभियान के माध्यम से बैकलॉग पदों को भरने से राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय व्यय भार नहीं आएगा। इसी आधार पर वित्त विभाग पहले ही इस व्यवस्था के लिए अपनी सहमति दे चुका है।

### सभी विभागों को पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी प्रशासनिक विभागों, राजस्व मंडल, संभागीय आयुक्तों, विभागाध्यक्षों, कलेक्टरों और जिला पंचायतों को निर्देश दिया है कि पूर्व में जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए विशेष भर्ती अभियान के तहत बैकलॉग पदों पर भर्ती की कार्रवाई तत्काल आगे बढ़ाई जाए।

## लगातार बारिश से मैदानी क्षेत्र जलमग्न, बांधों में जलस्तर बढ़ा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून की तेज रफ्तार का असर अब प्रदेश के बांधों में साफ दिखाई देने लगा है। जल संसाधन विभाग की 30 जून और 6 जुलाई की टैंक गेज रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के प्रमुख और मध्यम 46 जलाशयों में महज छह दिनों के भीतर करीब 242.39 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम) यानी लगभग 8.56 टीएमसी पानी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 30 जून को इन जलाशयों में 3,213.75 एमसीएम (50.53 प्रतिशत) पानी था, जो 6 जुलाई को बढ़कर 3,456.14 एमसीएम (54.34 प्रतिशत) हो गया। यानी सिर्फ छह दिनों में जलाशयों का भराव 3.81 प्रतिशत बढ़ गया। सबसे अधिक बढ़ोतरी 12 बड़े बांधों में दर्ज की गई। प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण 2,838.85 एमसीएम से बढ़कर 3,032.93 एमसीएम हो गया, जबकि मध्यम जलाशयों में यह 374.91 एमसीएम से बढ़कर 423.21 एमसीएम पहुंच गया। इस दौरान 4 से 6 जुलाई के बीच प्रदेश में सक्रिय मानसून के कारण अधिकांश जिलों में अच्छी बारिश हुई। कई जलाशयों के कैचमेंट क्षेत्रों में 200 से 400 मिमी तक वर्षा दर्ज की गई, जिससे बांधों में पानी की आमद तेज हो गई। मिनीमाता बांगो, रविशंकर सागर, खारंग, कोडार, मनियारी, केलो और अरपा भैसाझार जैसे जलाशयों के जलस्तर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।



■ तीन दिन की बारिश से बांधों में 8 .56 टीएमसी पानी आया

### शिवनाथ और महानदी उफान पर

प्रदेश में 4 से 6 जुलाई के बीच सक्रिय मानसून के चलते लगातार तेज बारिश हुई। कई जिलों में भारी से अति भारी वर्षा दर्ज की गई, जिससे महानदी, शिवनाथ, खारून सहित कई नदियां उफान पर हैं। रायपुर समेत कई शहरों में जलभराव की स्थिति बनी और मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

## हाईकोर्ट का कीमती समय बर्बाद करने के लिए याचिकाकर्ता पर जुर्माना

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रवीन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए याचिका दायर की गई थी। याचिका पर जब सुनवाई हुई तो जिस मुद्दे को लेकर याचिका लगाई गई थी, पूरी याचिका में उसका जिक्र ही नहीं था। इस पर डिवीजन बेंच ने कोर्ट का कीमती समय बर्बाद करने को लेकर याचिकाकर्ता पर जुर्माना ठोंक दिया। कोर्ट ने साफ कहा है कि बिना बुनियादी जानकारियों जैसे एफआईआर की तारीख के अधूरी याचिकाएं दाखिल करना अदालत के कीमती समय को बर्बाद करना है। इसी टिप्पणी के साथ कोर्ट ने पुलिस में दर्ज एफआईआर को रद्द करने वाली याचिका को खारिज कर याचिकाकर्ता पर जुर्माना ठोक दिया है। दुर्ग निवासी बसंत कुमार साहू ने याचिका दायर कर भिलाई पुरानी बस्ती थाना में अपने खिलाफ बीएनएस की धारा तहत अश्लील कृत्य, गाली-गलौज और आपराधिक धमकी देने के लिए दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की थी। मामले की सुनवाई दौरान डिवीजन बेंच ने याचिका के दस्तावेजों और प्रार्थना का अवलोकन किया तो एक बड़ी तकनीकी खामी सामने आई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने जिस एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी।


HMS ARSH-RAHAT

आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा

अर्श–राहत

बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।

आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें

HMS देखकर खरीदें

असली केंदवा मलहम

दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।

ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

94060-21769


## हरिभूमि आईएनएच जिला संवाद 2026 मंच पर मना सांसद रुपकुमारी का जन्मदिन



**महासमुंद।** हरिभूमि आईएनएनच जिला संवाद 2026 कार्यक्रम रविवार को महासमुंद जिला मुख्यालय में संपन्न हुआ। इस दौरान यह संयोग रहा कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र महासमुंद का प्रतिनिधित्व करने वाली श्रीमती रुपकुमारी चौधरी का जन्मदिन भी 5 जुलाई को ही था। कार्यक्रम के समापन के बाद अतिथियों के साथ मंच पर प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की मौजूदगी में केक काटकर सांसद रुपकुमारी चौधरी का जन्मदिन मनाया गया। पश्चात भाजपा संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के अलावा कार्यक्रम में मौजूद अन्य दलों के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें उनके जन्मदिन पर शुभेच्छा जताई।

## लोकार्पण के 15 दिन में ही धंसे तीन रेलवे ओवरब्रिज पहली बारिश में खुली करोड़ों के निर्माण की पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के चलते राजनांदगांव-डोंगरगढ़ रेल मार्ग पर हाल ही लोकार्पित हुए रेलवे ओवरब्रिज की एप्रोच रोड पखवाड़ेभर में ही धंस गई। पहली बारिश में ही सड़क पर पड़ी भ्रष्टाचार की मोटी दरारें साफ दिखाई दे रही है। लगभग 22 से 26 करोड़ की लागत से निर्मित मुसरा, आलीवारा और धनगांव की रेलवे ओवरब्रिज भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। इन तीनों ओवरब्रिज की सड़कें पहली बारिश भी नहीं झेल पाई और इसकी सड़क धंसकर फटने लगी है। पुल की सड़क पर लगभग 100 मीटर तक मोटी-मोटी दरारें पड़ गई है। हाल ही में इन तीनों ओवरब्रिज का लोकार्पण किया गया था। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात हुई बारिश में आलीवारा रेलवे ओवरब्रिज की सड़क फटने लगी। सुबह जब स्थानीय लोगों ने देखा तो सड़क पर काफी दूर तक दरारें पड़ी थी और सड़क भी धंस गई थी। वहीं रविवार की शाम ग्राम बरगा और मुसरा में निर्मित इन दोनों रेलवे ओवरब्रिज में भी लंबी-लंबी दरारें नजर आने लगी।


हरिभूमि HEALTH CARE

छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## चिंतन

# इंडोनेशिया यात्रा चीन को उसी की भाषा में जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा केवल एक द्विपक्षीय दौरा नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की बदलती सामरिक राजनीति का अहम संकेत है। यदि इंडोनेशिया के साथ लगभग 2,500 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर अंतिम मुहर लगती है, तो यह स्पष्ट संदेश होगा कि भारत अब केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने मित्र देशों की रक्षा क्षमता बढ़ाकर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करने की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और हिंद महासागर क्षेत्र के कई देशों में अपने आर्थिक, सामरिक और सैन्य प्रभाव का लगातार विस्तार किया है। पाकिस्तान को अत्याधुनिक हथियार, नौसैनिक सहयोग और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इसी प्रकार दक्षिण एशिया और हिंद-प्रशांत में चीन की सक्रियता भारत के लिए लगातार रणनीतिक चुनौती बनी हुई है। ऐसे समय में भारत की नीति भी अधिक सक्रिय और आत्मविश्वासपूर्ण होती दिखाई दे रही है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति के बाद यदि इंडोनेशिया भी इस सूची में शामिल होता है, तो यह केवल रक्षा निर्यात नहीं रहेगा, बल्कि भारत की रणनीतिक कूटनीति का विस्तार होगा। इसका अर्थ है कि भारत उन देशों के साथ सुरक्षा सहयोग बढ़ा रहा है, जो चीन के बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। इंडोनेशिया का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि वह दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है, बल्कि इसलिए भी है कि दक्षिण चीन सागर में उसके हित सीधे चीन से टकराते हैं। नटुना द्वीप समूह के निकट इंडोनेशिया के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में चीनी तटरक्षक जहाजों और मछली पकड़ने वाले बेड़ों की गतिविधियां लंबे समय से तनाव का कारण रही हैं। चीन अपनी तथाकथित 'नाइन-डैश लाइन' के आधार पर लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है, जबकि इंडोनेशिया 1982 के संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) के आधार पर इस दावे को अस्वीकार करता है। नटुना क्षेत्र केवल सामरिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि तेल, प्राकृतिक गैस और समुद्री संसाधनों के कारण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग का महत्व सामान्य हथियार व्यापार से कहीं अधिक है। ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइल केवल एक सैन्य प्रणाली नहीं, बल्कि प्रतिरोधक क्षमता का प्रभावी माध्यम है। इससे इंडोनेशिया की समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और हिंद-प्रशांत में शक्ति संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। यदि भविष्य में ड्रोन और अन्य रक्षा प्रणालियों में भी सहयोग बढ़ता है, तो दोनों देशों के संबंध और अधिक गहरे हो सकते हैं। दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश होने के बावजूद इंडोनेशिया की सांस्कृतिक विरासत पर हिंदू-बौद्ध परंपराओं की गहरी छाप है। प्रम्बानन मंदिर, रामायण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ऐतिहासिक रूप से गणेश की छवि का मुद्रा पर उपयोग यह दर्शाता है कि सांस्कृतिक विरासत धार्मिक पहचान से कहीं व्यापक होती है। यही साझा सांस्कृतिक आधार दोनों देशों को भावनात्मक मजबूती भी देती है। कुल मिलाकर भारत की विदेश नीति अब केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और सक्रिय होती दिखाई दे रही है। जिस प्रकार चीन वर्षों से अपने साझेदार देशों के माध्यम से क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाता रहा है, उसी प्रकार भारत भी लोकतांत्रिक, संप्रभु और समान विचार वाले देशों के साथ रक्षा एवं सामरिक सहयोग का दायरा बढ़ा रहा है। यह एक तरह से चीन को उसी की भाषा में भारत का जवाब है।

# अब रफ्तार से बढ़ेगा टेक्सटाइल सेक्टर



आर्थिकी
डॉ जयंतीलाल भंडारी

भारत का टेक्सटाइल सेक्टर नए विकास दौर की दहलीज पर खड़ा है। 15 जुलाई से लागू होने वाला भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता इस उद्योग के लिए बड़ा अवसर लेकर आया है, क्योंकि ब्रिटेन ने भारतीय वस्त्रों और परिधानों पर 12% तक का आयात शुल्क समाप्त कर दिया है। इससे भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और निर्यात को नई गति मिलेगी। दूसरी ओर, सरकार की एफटीए नीति, कपास आयात पर सीमा शुल्क में राहत, पीएम मित्र पार्क, नए श्रम कानून, बजट प्रावधान और तकनीकी वस्त्रों को बढ़ावा देने जैसे कदम उद्योग की क्षमता को मजबूत कर रहे हैं। हालांकि, इस तेजी के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा और लॉजिस्टिक्स जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान भी उतना ही आवश्यक होगा।

हाल ही में 5 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच 15 जुलाई से लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते के नियम जारी किए गए हैं। इससे भारत का टेक्सटाइल सेक्टर रफ्तार से बढ़ेगा। टेक्सटाइल सेक्टर में अभूतपूर्व वृद्धि और विकास के कई कारण हैं। निश्चित रुप से भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता सबसे बड़ा गेम-चेंजर होगा। 15 जुलाई से लागू होने वाले इस समझौते के तहत यूके ने भारतीय वस्त्रों और परिधानों पर लगने वाले 12 प्रतिशत तक के आयात शुल्क को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है।इससे भारतीय कपड़े और रेडीमेड गारमेंट्स ब्रिटिश बाजार में बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों की तुलना में काफी ज्यादा सस्ते और प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। इस मुक्त व्यापार समझौते के लाभ और निर्यातकों द्वारा समय पर की गई तैयारी के कारण, यूके और यूरोपीय बाजारों से भारतीय कपड़ों की मांग में 12 से 25 प्रतिशत तक की तेज वृद्धि दर्ज संभावित है। वैश्विक ब्रांड चीन से अपनी सप्लाई चेन को शिफ्ट कर रहे हैं, जिससे भारत को एक बड़ा अवसर मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि इस समय सरकार देश के 4.5 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले और करीब 174 अरब डॉलर के बाजार आकार के टेक्सटाइल्स सेक्टर को मजबूती देने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। सरकार ने एक जून से पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित हो रहे टेक्सटाइल सेक्टर को राहत देने और निर्यातकों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए पांच माह के लिए कपास आयात पर लगने वाले सीमा शुल्क को पूर्ण रूप से माफ कर दिया है। सरकार लगातार मुक्त व्यापार समझौतों( एफटीए) में टेक्सटाइल सेक्टर को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रही है। हाल ही में लागू किए गए नए श्रम कानूनों से टेक्सटाइल सेक्टर को जोरदार बढ़ावा मिलेगा। टेक्सटाइल सेक्टर के विकास के लिए पीएम मित्र पार्क मील का पत्थर हैं। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में टेक्सटाइल सेक्टर के लिए किए गए अभूतपूर्व प्रावधानों का कार्यान्वयन शुरु हो गया है। साथ ही पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा टेक्सटाइल सेक्टर में सुधार के लिए उठाए गए बहुआयामी कदम टेक्सटाइल सेक्टर को लाभान्वित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस परिदृश्य के मद्देनजर वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की रेटिंग बढ़ाई है। इनवेस्टमेंट इनफॉरमेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आईसीआरए) ने भारत के टेक्सटाइल सेक्टर का आउटलुक 'नेगेटिव' से बढ़ाकर 'स्टेबल' कर दिया है। गौरतलब है कि हाल ही में एक जून से भारत और ओमान के बीच सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) लागू हुआ है। इस समझौते के तहत ओमान ने भारत के टेक्सटाइल सहित 99 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर आयात शुल्क पूरी तरह से शून्य कर दिया है। इसी तरह एफटीए वाले अन्य देशों में ज़ीरो या लगभग ज़ीरो ड्यूटी एक्सेस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए से टेक्सटाइल निर्यात में भारी उछाल आया है। साथ ही आगामी महीनों में न्यूजीलैंड



तथा यूरोपीय संघ के साथ एफटीए के क्रियान्वयन से इन देशों को भारत से तेजी से टेक्सटाइल निर्यात बढ़ेगा। खासतौर से यूरोप के 27 देशों के संगठन यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर अमल शुरू होने के दो-तीन वर्षों में ही यूरोपीय संघ को भारत से करीब 20 अरब डालर तक का टेक्सटाइल निर्यात बढ़ सकता है। इतना ही नहीं, इन दिनों अमेरिका के साथ जिस द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को अंतिम रूप दिया जा रहा है, उसके तहत भारत को अमेरिका में धागे और कपास से बने कपड़ों पर भारी शुल्क छूट हासिल होगी और टेक्सटाइल निर्यात ऊंचाई पर पहुंचेंगे। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत में टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूती देने के मद्देनजर पिछले माह 9 मई से पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय ने सात मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क स्थापित करने के लिए जो पीएम मित्र पार्क योजना शुरू की है, उसके तहत काम प्रगति पर है और उससे देश के टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊंचाई मिलेगी। पीएम मित्र पार्क प्रधानमंत्री के पांच-एफ विजन- फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्टरी से फैशन और फैशन से फॉरेन तक से प्रेरित है। यह एक 'आत्म-निर्भर भारत' के निर्माण की दृष्टि को पूरा करने और भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की आकांक्षा रखता है। सरकार की इस पहल से इन टेक्सटाइल पार्कों में करीब एक लाख करोड़ रुपए का निवेश आने का अनुमान है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल से तेजी से क्रियान्वित हो रहे केंद्रीय बजट के तहत टेक्सटाइल सेक्टर के लिए जिस तरह अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं, उससे भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को तेजी से आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। बजट में 'टेक्स-इको' पहल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। बजट में उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से वस्त्र कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को आधुनिक बनाने के लिए 'सामर्थ्य -2' का अनावरण किया गया है। बजट में महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल भी महत्वपूर्ण है। यह पहल खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को मजबूत करने के लिए, एक जिला एक उत्पाद को भी समर्थन देती है। निसंदेह टेक्सटाइल सेक्टर के लिए ऐसे अभूतपूर्व रणनीतिक प्रयासों से भारत का टेक्सटाइल उद्योग तेजी से आगे बढ़ेगा। लेकिन टेक्सटाइल सेक्टर के तेजी से बढ़ने की संभावनाओं के बीच हमें इस बात पर ध्यान रखना होगा कि विगत वर्षों में टेक्सटाइल सेक्टर पर अनिश्चितताओं और बदलावों का दबाव रहा है और अभी भी वर्ष 2026 में टेक्सटाइल सेक्टर में बढ़ते मौकों के बावजूद बड़ी चुनौतियाँ सामने खड़ी हुई हैं। जिसमें लगातार लॉजिस्टिक्स पर असर डालने वाली जियोपॉलिटिकल रुकावटें, बढ़ती इनपुट और कम्प्लायंस लागत और सोर्सिंग जगहों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा शामिल हैं। इन चुनौतियों के समाधान के साथ टेक्सटाइल निर्यात बढ़ाने के लिए अधिक प्रयासों की जरूरत दिखाई दे रही है।

उम्मीद करें कि 15 जुलाई से भारत और ब्रिटेन के बीच लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को रफ्तार मिलेगी। एक जून से 30 अक्टूबर तक के लिए लागू कपास के आयात में सीमा शुल्क की छूट से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को पर्याप्त राहत मिलेगी और विदेशों में भारत के टेक्सटाइल निर्यातक प्रतिस्पर्धी बने रहेंगे। ऐसे में हम उम्मीद करें कि लक्ष्य के मुताबिक वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल का बाजार आकार तेजी से बढ़कर 350 अरब डॉलर और निर्यात 100 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई देंगे। साथ ही वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल सेक्टर में रोजगार के 3.5 करोड़ से अधिक नए मौके निर्मित होते हुए भी दिखाई देंगे।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



स्विट्जरलैंड के प्रमुख दर्शनीय स्थानों में बेसल बहुत ही आकर्षक शहर है जोकि राइन नदी के तट पर बसा हुआ है। प्रकृति से प्रेम करने वाले पर्यटकों के लिए बेसल बहुत ही खूबसूरत जगह है जहां दूर-दूर तक प्रकृति का नजारा देखने को मिलता है। बेसल में सबसे अधिक म्यूजियम है और इसके साथ ही कई बुटिक और प्राचीन दुकानें हैं। बेसल शहर में चेरी के पेड़ बहुत ही आकर्षक लगते हैं।

## सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

## एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित
प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहा- तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोला- बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारी- बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## स्मृति शेष

डॉ. यास्मिन सिंह

# भारतीय लोक संस्कृति का अमर स्वर मौन


पंडवानी की अप्रतिम साधिका, तीजन बाई का निधन केवल एक महान कलाकार का जाना नहीं है, बल्कि भारतीय लोक परंपरा के एक युग का अवसान है। एक कलाकार होने के नाते मैं स्वयं को अत्यंत शोकाकुल महसूस कर रही हूं। तीजन बाई जी ने अपने अदम्य साहस, अथक साधना और असाधारण प्रतिभा से यह सिद्ध किया कि सच्ची कला हर बंधन को तोड़कर अपना मार्ग स्वयं बनाती है। उन्होंने पंडवानी को केवल जीवित ही नहीं रखा, बल्कि उसे विश्व मंच पर वह सम्मान दिलाया।

छत्तीसगढ़ की मिट्टी में जन्मी और पली-बढ़ी तीजन बाई जी ने पंडवानी के माध्यम से लोकगाथा को उन्होंने जिस आत्मविश्वास और ओजस्विता के साथ दुनिया के सामने प्रस्तुत किया, वह हम सभी कलाकारों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। हम जैसे कलाकारों ने उन्हें केवल मंच पर प्रस्तुति देते हुए नहीं देखा, बल्कि एक ऐसी साधिका के रूप में देखा, जिसने अपनी कला को जीवन का धर्म बना लिया। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि लोककला किसी सीमित भूगोल की धरोहर नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की सांस्कृतिक पूंजी होती है। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक यात्रा में तीजन बाई जी का व्यक्तित्व सदैव एक प्रकाश-स्तंभ की तरह दिखाई देता रहा। उनकी उपस्थिति मात्र से कलाकारों में आत्मविश्वास जाग उठता था। उन्होंने अनगिनत बेटियों को यह विश्वास दिया कि प्रतिभा यदि साधना से जुड़ जाए तो गांव की पगडंडी से निकलकर विश्व के सबसे बड़े मंच तक पहुंचा जा सकता है। उनका जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और सृजन का ऐसा उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों को निरंतर दिशा देता रहेगा।



जब भी मैं उन्हें मंच पर देखती थी, ऐसा लगता था मानो वे स्वयं महाभारत की आत्मा को स्वर और अभिव्यक्ति दे रही हों। उनकी कला में लोक की सादगी, भारतीय संस्कृति की गरिमा और साधना की ऊंचाईयां एक साथ दिखाई देती थीं। वे केवल एक कलाकार नहीं थीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना की जीवंत प्रतीक थीं। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का जब भी इतिहास लिखा जाएगा, उसमें तीजन बाई जी का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने पंडवानी को केवल एक लोककला नहीं रहने दिया, बल्कि उसे छत्तीसगढ़ की अस्मिता, छत्तीसगढ़ की बोली, छत्तीसगढ़ की मिट्टी और हमारी सांस्कृतिक चेतना की पहचान बना दिया। उनकी उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं थीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव थीं। जब-जब वे विश्व के किसी मंच पर गूंजी, तब-तब ऐसा लगा कि छत्तीसगढ़ की माटी स्वयं अपनी कथा सुना रही है। उनके जीवन के अंतिम दिनों की परिस्थितियाँ हम सभी के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय हैं। जिन कलाकारों ने अपना संपूर्ण जीवन भारत की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित कर दिया, उनके सम्मान, स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन की जिम्मेदारी भी समाज और व्यवस्था की होनी चाहिए। यही तीजन बाई जी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### विश्व क्षमा दिवस आत्मशुद्धि और मानवता का अमृत पर्व

हर वर्ष 7 जुलाई को विश्व क्षमा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को पुराने मतभेदों, कटु स्मृतियों और वैरभाव को भुलाकर स्वयं तथा दूसरों को क्षमा करने के लिए प्रेरित करना है। वर्ष 1994 में कनाडा में क्राइस्ट्स एंबेसडर्स क्रिश्चियन एंबेसी द्वारा इस दिवस की शुरुआत की गई थी। आज यह दिन केवल किसी एक देश या समुदाय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया में शांति, प्रेम, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों का संदेश देने वाला अवसर बन चुका है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, तनाव, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ के बीच क्षमा का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह केवल एक शब्द नहीं बल्कि जीवन को प्रकाशमान करने वाली ऐसी साधना है, जो व्यक्ति के भीतर के अंधकार को समाप्त कर देती है। क्षमा का अर्थ केवल किसी से औपचारिक रूप से यह कह देना नहीं कि 'मैं तुम्हें क्षमा करता हूँ।' – *कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# चीन ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

चीन की सेना ने सोमवार को दक्षिण प्रशांत महासागर में अपनी परमाणु संचालित पनडुब्बी से लंबी दूरी तक प्रहार करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। कई देशों ने इसका विरोध करते हुए चिंता व्यक्त की है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, मिसाइल का प्रक्षेपण दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर किया गया और यह एक 'डमी' हथियार से लैस थी। चीन ने करीब दो वर्ष पहले प्रशांत महासागर में मिसाइल परीक्षण किया था, तब एक 'डमी' हथियार से लैस अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। 'शिन्हुआ' की खबर में कहा गया कि यह प्रक्षेपण नियमित वार्षिक प्रशिक्षण का हिस्सा है जो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और यह किसी देश के खिलाफ नहीं था। इस खबर को रक्षा मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया पर दोबारा साझा किया गया। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने इस परीक्षण की आलोचना की। न्यूजीलैंड सरकार ने कहा कि उसे इस नियोजित प्रक्षेपण की जानकारी कुछ घंटे पहले दे दी गई थी और उसने इस पर ध्यान आकर्षित किया कि मिसाइल को दक्षिण प्रशांत महासागर के परमाणु मुक्त क्षेत्र में दागा गया था।



## ऑफ बीट

# चित होकर लेटना 'सदर्न राइट व्हेल' की कोई बीमारी नहीं है

अगर आप साल के इस समय ऑस्ट्रेलिया के किसी भी दक्षिणी तट पर खड़े हों, तो हो सकता है कि आपको छिछले पानी में तैरती हुई 'सदर्न राइट व्हेल' (यूबेलेना ऑस्ट्रैलिस) देखने को मिल जाए। समुद्र के ये विशालकाय जीव प्रजनन करने, बच्चे को जन्म देने और आराम करने के लिए दक्षिणी महासागर और अंटार्कटिका से यहां आते हैं। अगर आप सच में खुश किस्मत हों, तो हो सकता है कि आप उनमें से किसी एक को चित (उल्टा) होकर आराम करते हुए भी देख लें। पहली नज़र में, यह हैरान कर देने वाला व्यवहार– जो अन्य बड़ी व्हेल मछलियों में नहीं देखा गया है– आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि यह जीव बीमार या घायल है। वास्तव में , यह एक स्वस्थ मां का संकेत हो सकता है, जो अपनी जिदगी के सबसे ज्यादा ऊर्जा की मांग वाले दौर में अपनी ऊर्जा के भंडार को सावधानी से संभाल रही है। संतुलित करने की कोशिश सदर्न राइट व्हेल छह हजार किलोमीटर से भी ज़्यादा लंबी दूरी तय करती हैं। यह दूरी पर्थ से सिडनी और वापस आने की दूरी के बराबर है। अगर यह दूरी आपको मुश्किल भरी नहीं लगती, तो जान लें कि ऑस्ट्रेलिया में बच्चे को जन्म देने वाली जगहों पर 'सदर्न राइट व्हेल' कुछ भी खाती–पीती नहीं हैं।



## ट्रेंड

### प्रतिबद्धता पर अडिग रहे मुखर्जी



आज हमारा देश महान दूरदर्शी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद कर रहा है। हमने अनुच्छेद 370 हटाकर उनका सपना पूरा किया है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार के पक्षधर थे और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहे। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### कहां है पासपोर्ट की ताकत



मोदी सरकार की नीतियां भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 में दावा किया था कि विदेश यात्रा करने वाले और विदेशों में रहने वाले लोग आज भारतीय पासपोर्ट की ताकत और सम्मान को जानते हैं। वह 'ताकत' आखिर दिखाई कहां देती है? **-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### एसआईआर पर आपत्तियां



निर्वाचन आयोग जिस तरह से एसआईआर कर रहा है, उसे लेकर हमारी भी आपत्तियां हैं। हमने मामले को अदालत में उठाया है। हमारी सरकार का कोई भी व्यक्ति एसआईआर प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत काम कर रहे हैं। **-डी. के. शिवकुमार,** सीएम कर्नाटक

### एमपी में इसी माह यूसीसी



एमपी में इसी महीने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) आएगा। हिंदू एक शादी करता है और सात फेरे लेता है, तो सभी के लिए ऐसा ही कानून होना चाहिए। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। वह फिर दावा करेगी कि यह कानून किसी धर्म विशेष के खिलाफ है। **-डॉ. मोहन यादव,** सीएम एमपी

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# दिलजीत को झटका, बैन हुई फिल्म सतलुज...

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' इन दिनों विवादों में बनी हुई है. कई बदलावों और कानूनी लड़ाई के बाद इस फिल्म को 3 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया गया था। हालांकि, रिलीज के महज 48 घंटे के भीतर ही इसे प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया और भारत में इस पर रोक लगा दी गई।

दरअसल, 'सतलुज' एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। यह पंजाब के जाने-माने मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन और उनके संघर्ष पर आधारित हैं। उन्होंने 1984 से 1994 के बीच पंजाब में लापता हुए हजारों लोगों और कथित अवैध अंतिम संस्कारों की जांच की थी।

लाइफ Style


# नीति

## बॉयफ्रेंड ने सिगरेट से जलाया था

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ओटीटी रियलिटी शो अलायंस में अभिनेत्री नीति टेलर ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके पूर्व बॉयफ्रेंड ने कथित तौर पर उन्हें सिगरेट से जलाया था और उनके साथ शारीरिक हिंसा भी की थी।

नीति ने शो में मौजूद कंटेस्टेंट्स को अपने शरीर पर मौजूद निशान भी दिखाए। हाल ही में स्ट्रीम हुए एपिसोड में नीति टेलर ने सह-प्रतियोगियों रूही दोसांझ, मिनी माथुर और डेजी शाह से बातचीत के दौरान अपनी जांघों पर मौजूद निशान दिखाए। नीति ने कहा कि ये निशान उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। जब साथी प्रतियोगियों ने पूछा कि क्या यह गलती से हुआ था, तो नीति ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं था। उनके अनुसार, उनका पूर्व बॉयफ्रेंड बेहद हिंसक स्वभाव का था और उसने जानबूझकर उन्हें नुकसान पहुंचाया। नीति ने बताया कि यह घटना उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के जन्मदिन के दिन हुई थी। उनके मुताबिक, उस दिन कथित तौर पर उन्हें कई जगह सिगरेट से जलाया गया और थप्पड़ भी मारा गया।उन्होंने कहा कि इसी घटना के बाद उन्होंने उस रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म करने का फैसला लिया। बातचीत के दौरान नीति ने अपनी जांघों पर मौजूद करीब पांच निशानों की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। उन्होंने बताया कि ये निशान आज भी उनके शरीर पर मौजूद हैं और उस दर्दनाक दौर की याद दिलाते हैं।



हॉलीवुड मसाला



# मैं अभी भी सीख रही हूं...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने पति के साथ अपने रिश्ते के अनुभव का साझा किया है। उनका कहना है कि पति जेवियर बार्डेम के साथ उनका रिश्ता सीखने का एक अनुभव रहा है। अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने कहा कि शादी के 15 साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी वह अपने पति जेवियर बार्डम के साथ अपने रिश्ते में "अभी भी सीख रही हैं"। अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि मैं (अपने रिश्ते में) अभी भी सीख रही हू, आप जानते हैं? और मैं ऐसे व्यक्ति के साथ हू जिसे मैं 33 साल से जानती हूं।



# टेलर-ट्रैविस ने किए 200 करोड़ दान

**लॉस एंजेलिस।** मशहूर पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी ने दुनियाभर के प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने मिलकर अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं को पूरे करीब 217 करोड़ रुपए का दान दिया है। ये भारी-भरकम दान उन शहरों और राज्यों की संस्थाओं को दिया गया है, जो इस जोड़ी के जीवन से बेहद करीब से जुड़े रहे हैं, जिनमें न्यूयॉर्क, रोड आइलैंड और कैनसस सिटी जैसे इलाके शामिल हैं। दान पाने वाली इन संस्थाओं में मुख्य रूप से न्यूयॉर्क के 'फूड बैंक फॉर एनवाईसी', 'सिटी हार्वेस्ट' और 'म्यूजिकल मेंटर्स' शामिल हैं। कैनसस सिटी के 'चिल्ड्रन्स मर्सी हॉस्पिटल' और रोड आइलैंड के 'कम्युनिटी फूड बैंक' के अलावा कुछ बड़े राष्ट्रीय संगठनों को भी यह दान मिला है।



# मेघना ने खोला कास्टिंग के राज

**मुंबई।** बॉलीवुड में किसी फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हों, तो दर्शकों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। इन दिनों वह आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार सुर्खियों में है। फिल्म की कहानी से लेकर इसकी स्टारकास्ट तक हर पहलू चर्चा का विषय बना हुआ है। अब मेघना गुलजार ने फिल्म की कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मेघना ने बताया कि 'दायरा' में हर किरदार को पूरी सच्चाई और वास्तविकता के साथ पर्दे पर उतारने की कोशिश की गई है। यही वजह है कि छोटे से छोटे रोल के लिए भी कलाकारों का लंबा ऑडिशन लिया गया और करीब 90 थिएटर कलाकारों को देखने के बाद फाइनल स्टारकास्ट तय की गई। मेघना ने बताया, हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते थे, जो पूरी तरह वास्तविक लगे।



# 'मुसाफिर कैफे' का पहला गाना रिलीज

**मुंबई।** विक्रांत मैसी की नई सीरीज 'मुसाफिर कैफे' इसी महीने रिलीज होने वाली है और इसका पहला गाना भी रिलीज हो चुका है, जो काफी रोमांटिक है। इस मानसून के मौसम में ये गाना रिलीज करना मेकर्स का सबसे अच्छा फैसला लग रहा है। नेटफ्लिक्स पर 24 जुलाई को प्रीमियर होने वाली इस सीरीज के रोमांटिक माहौल की एक इमोशनल झलक इस गाने में देखने को मिलती है। टी-सीरीज के इस गाने को गर्वित-प्रियांश ने कंपोज किया और गाया है, और हंसिका पारेख ने अपनी सुरीली आवाज दी है। यह गाना 'मुसाफिर कैफे' का पहला म्यूजिकल रिलीज है और यह शो की उस दुनिया में एक इमोशनल एंट्री की तरह है, जहां अचानक मुलाकातें, प्यारे रिश्ते और प्यार से भरी यात्राएं देखने को मिलती हैं।

टीवी मसाला

# मिस्टर एंड मिसेस... की 'शालिनी' ने एक्शन सीन में मचाया तहलका

**मुंबई।** पॉपुलर सीरियल 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' इन दिनों चर्चा में आ गया हैं। हाल ही में सीरियल में 'शालिनी' का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस शांभवी सिंह ने एक्शन सीन्स को शूट किया, जिसमें वो बेहद शानदार लग रही थीं। हालांकि सीन में गुंडों से लड़ाई करते समय उन्हें चोट लगी, जो गंभीर नहीं थे। इसी बीच उन्होंने अपने अनुभवों को लेकर खुलकर बात की। शांभवी ने कहा, 'इस सीन में मुझे गुंडों से फाइट करनी थी। शूट के दौरान हाथों पर हल्की-सी चोट लगी, लेकिन वो बहुत मामूली थी। सेट पर सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा गया था और पूरी टीम ने मुझे सपोर्ट किया। एक कलाकार के तौर पर हमारी कोशिश रहती है कि दर्शकों को भरपूर एंटरटेनमेंट मिले। अगर कहानी की डिमांड है, तो सीन को पूरी ईमानदारी और कमिटमेंट के साथ करना जरूरी होता है। बता दें कि 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' सीरियल की शुरुआत इसी साल फरवरी में हुई, जो बंगाली सीरियल 'परशुराम - आजकेर नायक' का हिंदी रीमेक है। शो की कहानी एक शादीशुदा कपल शिवप्रसाद और शालिनी पर है, जो अपनी जिंदगी खुशहाल तरीके से जीते हैं। दुनिया के सामने शिवप्रसाद साधारण और सादगी से रहने वाले इंसान हैं।



# सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में दिखाई देंगी



**मुंबई।** बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अभिनेता अली फजल इंडस्ट्री के पसंदीदा कपल्स में गिने जाते हैं। शादी के बाद दोनों कभी किसी एक फिल्म में नजर नहीं आए। अब पहली बार दर्शकों को यह मौका मिलने जा रहा है। ऋचा और अली जल्द ही अभिनेता, लेखक और निर्देशक शाशी वर्मा की दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित एक सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म को लेकर दोनों कलाकार काफी उत्साहित हैं और उनका कहना है कि यह उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव होने वाला है। ऋचा चड्ढा ने कहा, फिल्म की कहानी ने मुझे शुरुआत से ही आकर्षित किया। यह रोजमर्रा की जिंदगी की छोटी-छोटी परिस्थितियों से हास्य पैदा करती है। सबसे खास बात यह है कि हंसी के बीच फिल्म समाज के बारे में एक महत्वपूर्ण बात भी कहती है। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली पर आधारित कहानी में वापसी करना मेरे लिए कई प्यारी यादें भी लेकर आया, क्योंकि मेरी शुरुआती स्कूली पढ़ाई वहीं हुई है। अली और मैं पहले भी फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन पर्दे पर इस तरह के रिश्ते को हमने कभी नहीं निभाया।

## श्वेता ने खोली पलक की पोल



**मुंबई** । श्वेता तिवारी का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें उनकी बेटी पलक तिवारी काफी छोटी सी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में श्वेता बेटी की शिकायत करती दिख रही हैं कि जब वो बाहर से घर आती हैं तो बेडरूम से लेकर हॉल का नजारा कैसा रहता है। श्वेता ने कहा कि दिन भर बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। पलक ऐसा करती है बेडरूम में खड़े होकर अपने इमैजनरी स्टूडेंट्स को पढ़ा रही होती है। दिन भर मेरे वॉरड्रॉब पर, मेरे बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। अपने वॉल पर लिख देती है चॉक से। घर में घुसती हूं मैं, हॉल में हर जगह लिखती रहती है। मैं कहती हूं इससे कि इतने तुम दीवार पर लिखती रहती हो, तुम्हें बड़े होकर टीचर बनना है? तो ये कहती है, नहीं नहीं मैं तो एक्ट्रेस बनूंगी। मैं इससे कहती हूं कि एक्ट्रेसेस ऐसे नहीं लिखतीं।

# सामंथा की फिल्म ने की रिकॉर्ड तोड़ कमाई...



**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की नई तेलुगू फिल्म 'मा इंटी बंगारम' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। महज 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 90.15 करोड़ रुपए की दमदार कमाई कर ली है। देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है।

सामंथा रुथ प्रभु की 'मा इंटी बंगारम' ने भारत में 56.10 करोड़ और विदेशों से 25.20 करोड़ बटोरकर इतिहास रच दिया है। महज 10 दिनों में रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन कर यह सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला-प्रधान तेलुगू फिल्म बन गई है। खास बात ये है कि इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को सामंथा के पति राज निदिमोरु ने प्रोड्यूस किया है।

फिल्म में अहम किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस नंदिनी ने फिल्म की सक्सेस की खुशी जाहिर करते हुए अपनी एक पोस्ट में लिखा, इस कहानी को अपनाने के लिए और हमारी हर बात को समझने के लिए और इस फिल्म को सेलिब्रेट करने के लिए आप सभी का शुक्रिया... यह वाकई दर्शकों की जीत है। यह जीत हमें एक अलग ही खुशी दे रही है।

*देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है।*

## आई एम नॉट अफरेड 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

# धमाकेदार होगा यह हफ्ता, ओटीटी पर दस्तक देगी धांसू फिल्में-सीरीज

*मुंबई। ओटीटी लवर्स के लिए आने वाला हफ्ता बहुत खास होने वाला है। इस हफ्ते ओटीटी पर कई बॉलीवुड और साउथ की फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसी के साथ कई सीरीज भी दस्तक देने वाली हैं।*

**फिल्म 'पेद्दी'** : राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी से सजी साउथ की फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाया है। इसमें एक ऐसे खिलाड़ी की कहानी दिखाई गई है जो कई खेल में माहिर है। वह अपने गांव का नाम रौशन करना चाहता है, मगर राजनीति उसके आड़े आती है। यह फिल्म 9 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है।

**पति पत्नी और वो दो** : आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' को दर्शकों से मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। आयुष्मान खुराना ने इसमें ऐसे शख्स का किरदार निभाया है जो शादीशुदा है। उसकी मुश्किलें तब बढ़ जाती हैं, जब वह दूसरी लड़कियों से मिलता है। यह 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।






**इक्का** : सिद्धार्थ पी मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्का' में सनी देओल, दीया मिर्जा और अक्षय खन्ना हैं। इसमें एक सम्मानित वकील को उस हत्या के आरोपी का बचाव करना पड़ता है, जिसे उन्होंने पहले दोषी ठहराया था। मजबूरी में इस केस को लेने के बाद, वे अपने पुराने दुश्मन को आजाद कराने के लिए हर नियम को तोड़ते हैं। यह फिल्म 8 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**बाल्टी** : स्पोर्ट्स ड्रामा बाल्टी चार कबड्डी के खिलाड़ियों पर आधारित है। उन्हें एक गैंग परेशान करता है। यह फिल्म मलयालम भाषा में रिलीज हुई थी। इसे हिंदी में भी डब किया गया है। इसे 10 जुलाई से सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

**परिमाला एंड कंपनी** : तमिल भाषा की फिल्म 'परिमाला एंड कंपनी' एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर है। इसमें सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और ह्यूमर है। इसे पंडिराज ने डायरेक्ट किया है। इसमें जयराम, संजना कृष्णमूर्ति और अनंथिका सनिलकुमार हैं। यह फिल्म 10 जुलाई से जी 5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई एम नॉट अफरेड** : मिस्ट्री ड्रामा वेब सीरीज 'आई एम नॉट अफरेड' में एक ऐसे लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे अपने घर के पास एक लड़का जमीन के नीचे बंद मिलता है। यह सीरीज 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

स्टील्थ तकनीक से दुश्मन के रडार को देगा चुनौती

# नौसेना में शामिल होगा स्वदेशी युद्धपोत 'महेंद्रगिरि', बढ़ेगी समुद्री और ताकत

## स्वदेशी डिजाइन और आधुनिक हथियारों से होगा लैस

पहली बार किसी युद्धपोत को मिला 'महेंद्रगिरि' नाम

लंबी दूरी के अभियानों के लिए पूरी तरह सक्षम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना को जल्द ही एक और अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोत मिलने जा रहा है। प्रोजेक्ट-17ए श्रृंखला के छठे स्टील्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरि (एफ-38) को 11 जुलाई को विशाखापत्तनम में आयोजित समारोह में नौसेना के बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल किया जाएगा। स्वदेशी तकनीक से तैयार यह युद्धपोत भारतीय नौसेना की समुद्री शक्ति, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन और आधुनिक युद्ध क्षमता को नई मजबूती देगा। महेंद्रगिरि का डिजाइन भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने



तैयार किया है, जबकि इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है। यह युद्धपोत सतह से सतह और सतह से वायु में मार करने वाली मिसाइलों, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, आधुनिक सेंसर, पनडुब्बी रोधी हथियारों और एकीकृत कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम से लैस है। इसे नौसेना की बहुआयामी युद्ध आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। महेंद्रगिरि स्टील्थ तकनीक से लैस फ्रिगेट है, जिसकी विशेष बनावट और डिजाइन इसे दुश्मन के रडार पर सामान्य युद्धपोतों की तुलना में काफी कम दिखाई देती है। यही क्षमता युद्ध की स्थिति में इसे सामरिक बढ़त दिलाती है। समुद्र में चुपचाप आगे बढ़ने और जरूरत पड़ने पर घातक प्रहार करने की इसकी क्षमता इसे बेहद प्रभावी युद्धपोत बनाती है। इस युद्धपोत का नाम पूर्वी घाट की प्रसिद्ध महेंद्रगिरि पर्वतमाला के नाम पर रखा गया है, जो शक्ति, धैर्य और अडिग संकल्प का प्रतीक मानी जाती है।

### 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का हुआ इस्तेमाल

*महेंद्रगिरि के निर्माण में 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। इसके निर्माण में देश की प्रमुख रक्षा कंपनियों के साथ-साथ सैकड़ों सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने भी योगदान दिया। इससे न केवल रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला, बल्कि हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हुए और देश के रक्षा विनिर्माण तंत्र को मजबूती मिली।*

### युद्ध के साथ राहत और बचाव अभियानों में भी निभाएगा भूमिका

*महेंद्रगिरि केवल युद्ध अभियानों तक सीमित नहीं रहेगा। इसका उपयोग मानवीय सहायता एवं आपदा राहत, खोज एवं बचाव अभियान, समुद्री सुरक्षा गश्त और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मिशनों में भी किया जा सकेगा। समुद्र में फंसे लोगों की सहायता से लेकर प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत पहुंचाने तक यह कई अहम जिम्मेदारियां निभाने में सक्षम होगा।*

बहरीन के विदेश मंत्री डॉ.अब्दुल्लतीफ से हुई मुलाकात

# कतर के बाद बहरीन पहुंचे विदेश मंत्री सहयोग को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर सोमवार को अपनी छह देशों की विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव बहरीन पहुंचे। जहां उनकी राजधानी मनामा में प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री डॉ.अब्दुल्लतीफ बिन रशीद अल ज़ायनी से मुलाकात हुई है। दोनों नेताओं के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। डॉ. जयशंकर ने बताया कि बहरीन के प्रधानमंत्री से हुई बातचीत के दौरान मैंने भारतीय समुदाय के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों को लेकर भारत की ओर से बहरीन की सराहना की है। डॉ. जयशंकर ने बताया कि कतर के विदेश मंत्री से



द्विपक्षीय चर्चा हुई। जिसमें भारत, बहरीन के द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के मामले पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही क्षेत्र में जारी तमाम घटनाक्रमों पर भी दोनों ने आपस में एक-दूसरे से विचार साझा किए हैं। गौरतलब है कि विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर 5 से 15 जुलाई तक जिन 6 देशों की यात्रा पर हैं।

### सराहे कतर के मध्यस्थता के प्रयास

बहरीन से पहले बीते रविवार को भारतीय विदेश मंत्री की कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात हुई थी। जिसमें उन्होंने पश्चिम-एशिया में युद्ध के मध्य अमेरिका और ईरान के बीच कतर के मध्यस्थता के प्रयासों की सराहना की है। डॉ प्रवासी भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से भी जयशंकर की मुलाकात हुई। जिसमें उन्होंने क्षेत्रीय संघर्ष के वक्त बने हुए चुनौतीपूर्ण समय में जताई गई समुदाय की प्रतिबद्धता को लेकर उनकी प्रशंसा की। साथ ही भारत और कतर के बीच साझेदारी को और अधिक गहराई प्रदान करने को लेकर प्रदर्शित की जाने वाली प्रतिबद्धता को भी सराहा।

कोर्ट में आखिरी कानूनी लड़ाई भी हारा भगोड़ा हीरा कारोबारी

# नीरव के भारत प्रत्यार्पण का रास्ता हुआ साफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी का भारत आने का रास्ता साफ हो गया है। वह अपनी आखिरी कानूनी लड़ाई भी यूरोपियन कोर्ट में हार गए हैं। यूरोपियन कोर्ट ऑफ ह्यूमन



राइट्स यानी ईसीएचआर में अपील के तौर पर उनकी आखिरी उम्मीदें भी धराशायी हो गईं। रिपोर्ट के मुताबिक, नीरव मोदी से जुड़े दस्तावेजों के हवाले से कहा गया है कि उनके पास अब भारत न आने के सारे रास्ते खत्म हो चुके हैं। यूके की सरकार भी उनके प्रत्यार्पण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, उनके सभी कानूनी रास्ते खत्म हो चुके हैं। अब कुछ प्रशासनिक औपचारिकताएं रह गई हैं।

### कानूनी रास्तों से बचने की कोशिश नाकाम

नीरव मोदी मार्च 2019 से अरेस्ट कर लिए गए थे। तब से वह लंदन की बैंड्सवर्थ जेल में कैद हैं। उनपर भारत की पंजाब नेशनल बैंक से धोखधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में सीबीआई और ईडी को उनकी तलाश है। राजनयिक सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यूके अधिकारी उन्हें भारत सौंपने की तैयारी में जुट गए हैं। भगोड़े नीरव मोदी को भारत कभी भी लाया जा सकता है। नीरव मोदी यूके की कोर्ट में भारत में प्रताड़ना देने का आरोप लगाकर कानूनी रास्ते से बचने की कोशिश कर रहे थे। जिसे वहां की अदालतों ने अनसुना कर दिया है।

### यूके की हाईकोर्ट ने उन्हें चुनौती देने का नहीं दिया था अधिकार

नीरव मोदी को अप्रैल 2026 को यूके की हाईकोर्ट ने प्रत्यर्पण को चुनौती देने का अधिकार नहीं दिया था। कोर्ट ने भारत सरकार की तरफ से जेल की स्थितियों के बारे में दिए आश्वासन को पर्याप्त करार दिया था। इसी के बाद नीरव मोदी ने ईसीएचआर का रुख किया था। यूके की तरफ से अबतक कार्रवाई में उनको भारत भेजने के सभी दस्तावेज सौंपने का फैसला दिया। इसके बाद सभी कानूनी अधिकार अपनाने के बाद नीरव मोदी ने ईसीएचआर कोर्ट में पिटिशन दाखिल की थी। कोर्ट ने मोदी की याचिका का सीक्रेट रखा था। पूरी प्रोसेस सीक्रेट तरीके से की गई। स्टार्सबर्ग में स्थित यह अदालत लंबित मामलों को पब्लिक नहीं करती है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पहला दो दिन का जम्मू दौरा

# धारा 370 हटाने के बाद ही जम्मू कश्मीर को मिली असली आजादी: नितिन नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को जम्मू में कहा कि धारा 370 हटाने के बाद ही जम्मू कश्मीर को असली आजादी मिली है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद अपने दो दिन के दौरे पर जम्मू पहुंचे। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने जम्मू कश्मीर में बिताए अपने दिनों को याद किया और कांग्रेस सरकार को भी कश्मीर के मामले को लेकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, 'आज उस धरती पर आने का मौका मिला है, जिस पुण्य धरती के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। मैं इस धरती को प्रणाम करता हूं।'



### बंगाल में भी लहरा रहा है भगवा

हाल में बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर नितिन नवीन ने कहा कि बीजेपी का भगवा वहां भी लहरा गया है, वहां लोग कहते थे कि भारतीय जनता पार्टी बाहर की पार्टी है, जो कोलकाता जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म स्थान था, वहां भी अब विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने के बाद ही जम्मू कश्मीर को असली आजादी मिली है।

### युवा मोर्चा की टीम के साथ आया था जम्मू

नितिन नवीन ने कहा, 'मुझे याद है जब 2011 में राष्ट्रीय एकता यात्रा के माध्यम से मुझे भी कोलकाता से जम्मू कश्मीर तक पदयात्रा में तिरंगा फहराने के लिए युवा मोर्चा की टीम के साथ आने का मौका मिला था। जब उस यात्रा को लेकर वह निकले थे तो देश भर में कांग्रेस की सरकारों को बेचैनी हो गई थी। कांग्रेस नेता पूरे देश में बुरी तरह से बौखला गए थे, उन्हें पता था कि जम्मू कश्मीर के लिए यात्रा एक बड़ा संदेश लेकर आ रही है।

### जम्मू में आज शान से लहरा रहा है तिरंगा

2011 में इसी यात्रा के दौरान जब 22 जनवरी को जब हम कश्मीर गए थे और जब हमने वहां प्रशासन को कहा कि हम भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने चाहते हैं, जब मैं वहां के प्रशासन के लोगों से मिलने गया, उन्होंने कहा था कि कश्मीर की घाटी में अगर तिरंगा लहराएगा तो कश्मीर का अमन चैन खत्म हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि केंद्र में एनडीए की सरकार आने के बाद आज जम्मू में शान से तिरंगा लहरा रहा है और अमन चैन है।

# कांग्रेस ने कभी भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मौत की जांच नहीं होने दी : शाह

गृहमंत्री ने पूर्वी कोलकाता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का किया शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पूर्वी कोलकाता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का शिलान्यास किया। यह शिलान्यास भाजपा विचारक की जयंती के अवसर पर किया गया। शिलान्यास के बाद कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, कांग्रेस ने कभी भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत की जांच नहीं होने दी। 63 वर्षों से श्यामा प्रसाद मुखर्जी और उनके योगदान को भुलाने की कोशिश की गई है। मुझे पूरा भरोसा है कि शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में 'सोनार बांग्ला' बनाने का भाजपा का संकल्प पूरा होगा। शाह ने सीमा पर चौकसी बढ़ाने और सख्त नीतियों का संकेत भी दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर घुसपैठिये की पहचान कर भारत को सुरक्षित बनाएगी।

### डॉ. मुखर्जी का निधन हिरासत में हुआ था

मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ और उनका निधन 23 जून 1953 को श्रीनगर में हिरासत में हुआ। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के भारत के साथ पूर्ण एकीकरण के लिए अभियान चलाया था। इसके लिए उन्होंने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की मांग की थी। कोलकाता के न्यू टाउन क्षेत्र में प्रतिमा निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले थलसेना प्रमुख धीरज सेठ, शिष्टाचार भेंट की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने भारत की राष्ट्रपति एवं तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की है। जनरल धीरज सेठ अपनी पत्नी कोमल सेठ के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात करने पहुंचे थे। यह मुलाकात भारतीय सैन्य नेतृत्व और राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद के बीच परंपरागत संवाद एवं विश्वास का महत्वपूर्ण प्रतीक मानी जाती है।गौरतलब है



कि यह भेंट ऐसे समय हुई है जब जनरल धीरज सेठ ने हाल ही में भारतीय सेना के 31वें थलसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला है। सेना की कमान संभालने के बाद राष्ट्रपति से उनकी यह पहली मुलाकात है। यह मुलाकात इसलिए भी विशेष महत्व रखती है, क्योंकि राष्ट्रपति भारतीय सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं। राष्ट्रपति व सेना के शीर्ष नेतृत्व के साथ समय-समय पर राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सैन्य तैयारियों से जुड़े विषयों पर संवाद की परंपरा रही है।

# पीओके नेताओं ने मांगी भारत से मदद पुंछ डोडा में एलओसी खोलने की अपील

## हजारों लोग सड़कों पर, पाक को 48 घंटे का अल्टीमेटम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान को झटका देने वाली खबर सामने आई है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पिछले कई दिनों से अशांति फैली हुई है। विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं और हजारों लोग सड़कों पर धरना रहे हैं। अब पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों ने भारत सरकार और भारतीय सेना से मदद मांगी है। पीओके के नेताओं ने भारत सरकार से जम्मू-कश्मीर के पुंछ और डोडा सेक्टर में एलओसी को खोलने की अपील





की है, ताकि वे भारत में आ सकें। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल, पीओके के लोग पाकिस्तानी सेना और सरकार के अत्याचारों से तंग आ चुके हैं। इसलिए उन्होंने पाकिस्तान सरकार को चेतावनी दे दी है कि कि उनके पास दूसरे रास्ते मौजूद हैं, जिन पर चलने की तैयारी उन्होंने शुरू कर दी है।

मोदी सरकार पर साधा निशाना

# खड़गे बोले-भारत की वैश्विक साख को नुकसान पहुंचा रही हैं नीतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार की विदेश, पर्यटन और पासपोर्ट संबंधी नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में भारतीय पासपोर्ट की बढ़ती ताकत और सम्मान का दावा किया था, लेकिन वर्तमान स्थिति उस दावे के विपरीत दिखाई देती है।



सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2018 में कहा था कि विदेश यात्रा करने वाले और विदेशों में रहने वाले लोग आज भारतीय पासपोर्ट की ताकत और सम्मान को महसूस करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि ऐसा है, तो यह ताकत वैश्विक रैंकिंग में क्यों दिखाई नहीं देती? कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के हवाले से एक वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग में भारत वर्ष 2013 में 74वें स्थान से जून 2026 में 80वें स्थान पर पहुंच गया है।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**ऑफिस/फील्ड स्टाफ**

आवश्यकता है- रायपुर मोवा दुबे कॉलोनी रोड मौर्य भारत गैस एजेंसी में ऑफिस स्टाफ, फील्ड स्टाफ और डिलीवरी बॉय की जरुरत है। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क करें:-8370002700, 9827152610.(RO-823)

**टीचर**

Requirement- science-chemistry and biology& commerce teacher contact Vardhman The School Nahar Road Krishna Nagar Santoshi Nagar Raipur. 9109329528. (RO-13)

**मैनेजर/टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- हार्मनी वेलनेस को अपने नए ब्रांच के लिए रिसेप्शनिस्ट, मैनेजर, एवं बैक ऑफिस टेलीकॉलर की आवश्यकता है, वेतन. 8000 से 15000 तक, संपर्क - हार्मनी वेलनेस स्पा एंड सैलून, साईं मंदिर के पास, महावीर नगर रायपुर छत्तीसगढ़ मो.91113-36222, 62625-57788.(RO-4753)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- दो शिफ्ट में नाश्ता सेंटर सँभालने हेतु संपर्क करें कालिबाड़ी चौक ! एवं पार्ट फुल टाइम कार्य करने हेतु संपर्क करें! 9009674222 / 7000596044.(RO-279)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कार एसेसरीज की दुकान मे काम करने के लिए जरुरतमंद लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करे, भाव्या ट्रेडर्स, नवभारत प्रेस के सामने, रायपुर मोब. 8818933330, 8871997200.(RO-042)

आवश्यकता है- मोबाइल स्टोर में मोबाइल एसेसरीज दिखाने हेतु लड़के- लड़कियों की (आकर्षक वेतन+ इंसेंटिव) योग्यता न्यूनतम 10वीं पास, आसपास रहवासी बायोडाटा के साथ संपर्क करें:- अबाबा मोबाइल, मेनरोड. तेलीबांधा 7869999902.(RO-041)

आवश्यकता है- ऑटो एसेसरीज होलसेल शॉप में कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है शुरुआती वेतन 8000/- महीना संपर्क श्रीराम ऑटो एसेसरीज एम.जी. रोड रायपुर मोबाइल 9300627327.(RO-881)

आवश्यकता है- बिजली दुकान में काम करने हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क:- सोनी इलेक्ट्रिकल्स, सेक्टर- 6 A मार्केट, भिलाई 7999028445, 9425553543.(आरो न - 310)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**होटलकर्मी**

आवश्यकता है- जयस्तंभ चौक स्थित रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु किचन हेल्पर, वेटर (मेल/फीमेल), कैप्टन, किचन सुपरवाइजर, स्टोर कीपर की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन. दोपहर 12 से शाम 5 के मध्य संपर्क करें:- गिरनार रेस्टोरेंट, जयस्तंभ चौक, रायपुर मोबाइल- 7089034776.(RO-16575)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5 वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000/- प्रतिमाह सुविधाएं रहने की व्यवस्था स्थानः सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क:- 9109972720, 9109125252.(RO-044)

**अकाउंटेंट/डिजाइनर**

आवश्यकता है- वेडिंग प्लानर कंपनी को अकाउंटेंट (अनुभवी या फ्रेशर दोनों), ग्राफिक डिजाइनर/पीपीटी एक्सपर्ट, टेलीकॉलर, साइट मैनेजर और सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है। कॉल करें: 8480670000, 7828073173.(RO-0134)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**ऑफिस कार्य**

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री +गाड़ी किराया +कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क, 7880003160, 7880003190.(RO-528)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - भाठागांव भर्री खार श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में डायवर्सन प्लाट 600 फिट बेचना है लम्बाई 30 फ्रन्ट 20 फिट रेट 1500 प्रतिवर्ग फुट संपर्क मों. :- 9754685471, 8823780696.पता परशु राम नगर रायपुर (छ.ग.) (RO-882)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - लोन SAI KRIPA FINANCIAL SERVICE पर्सनल लोन ,मॉर्गेज लोन, बिजनेस लोन , लोन ट्रांसफर (B.T) , होम लोन, के.सी.सी लोन, पट्टे पर लोन, कार एवं हेवी व्हीकल लोन, बिना बैंक के चक्कर लगायें लोन प्राप्त करें पता:- शॉपनं.231 आकाशंगगा, ढिल्लन कॉम्पलेक्स सुपेला भिलाई मो.- नुरज सिंह राजपुत - 7587287565, 9165058207, 83139119645. (आरो न - 307)

हरिभूमि

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP
| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /-1 Sunday | 800 /-1 Sunday |
| 900 /-2 Sunday | 1200 /-2 Sunday |
| 1200/-3 Sunday | 1500/-3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1
| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, शिक्षा संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेने व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### नक्सलमुक्त राज्य अब...

सवाल: कोटा और मरवाही विधानसभा सीट भाजपा के लिए हमेशा अबूझ रही है, मरवाही तो इस बार जीत गए कोटा के बारे में क्या सोचते हैं?

मंत्री: मरवाही में जीत का दीया जल चुका है और अब यह आगे भी जारी रहेगा। कोटा विधानसभा सीट भी अगली बार हमारे कब्जे में होगी यह निश्चित है। भाजपा अपने काम के सहारे और विचारधारा के आधार पर जनता के बीच जाएगी और वोट मांगेंगी। संगठन की ओर से जिसे भी उम्मीदवार घोषित किया जाएगा।सभी कार्यकर्ता मिलकर उसे जीत दिलाएंगे।

सवाल: जीपीएम जिले में आईटीआई की हालत को किस रूप में देखते हैं, क्योंकि आपके पास कौशल विभाग भी है?

मंत्री: छत्तीसगढ़ में 146 ब्लॉक हैं और सभी में आईटीआई खोले गए हैं। जीपीएम जिले के तीन ब्लाकों में भी आईटीआई व्यवस्थित तौर पर संचालित है। यहां सभी प्रमुख ट्रेड चल रहे हैं और बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। कुछ और ट्रेड जोड़ने की मांग आई है जिस पर विचार किया जा रहा है। केंद्र सरकार की पीएम सेतु योजना के तहत 60 हजार करोड़ का बजट देशभर के लिए है। इसमें प्रदेश के 40 आईटीआई को हाई टेक्नोलॉजी के आधार पर अपग्रेड करना है। यहां इसी तरीके की मशीन भी लगेंगी। वर्तमान की जरूरत के हिसाब से इसमें पढ़ाई होगी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। जीपीएम जिले के आईटीआई में भी सुविधाएं विकसित होंगी और यदि केंद्र की योजना में शामिल नहीं हो पाता है तो राज्य के बजट से इसका विस्तार किया जाएगा।

सवाल: आपके पास अनुसूचित जाति विकास विभाग और कौशल विभाग भी है, इसमें कितना काम हो पाया है?

मंत्री: आदिवासी विभाग के अंतर्गत संचालित हॉस्टल प्रदेश भर में चल रहे हैं। एकलव्य विद्यालय संचालित हैं तो आदिवासी हॉस्टलों में रहकर बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। दिल्ली में भी हॉस्टल चल रहे हैं, जहां छत्तीसगढ़ के बच्चे रहकर अध्ययनरत हैं। छत्तीसगढ़ के किसी एसटी, एससी बच्चों को पायलट बनना है तो उसके लिए भी सरकार हर साल 15 लाख रुपए का अनुदान दे रही है। प्रतिवर्ष पाँच बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। रायगढ़,कोरबा और बिलासपुर में मेडिकल के साथ इंजीनियरिंग कॉलेज है तो लाइवलीहुड कॉलेज में भी बेहतर प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं।

सवाल: जब जिला जीपीएम है तो बच्चों को बेहतर पढ़ाई और सपने देखने के लिए दूसरी जगह क्यों जाना पड़ता है?

मंत्री: हमारी सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है। हर लोकसभा क्षेत्र में सीजीआईटी खोली जा रही है। इसमें से चार संचालित हो रहे हैं तो तीन जल्द ही खुलने वाले हैं। हमारी सरकार का मानना यह है कि संस्थाएं भले कम हों लेकिन सुविधाएं उनमें अधिक होनी चाहिए। सरकार का प्रयास है कि स्वावलंबन की दृष्टि से बेहतर से बेहतर सुविधा बच्चों को दी जाए।

### चंपत और अनिल की छुट्टी...

सौंपने का भी निर्णय लिया गया। यह बैठक शाम को समाप्त हुई, जिसके बाद ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास कार्यक्रम स्थल से चले गए। बैठक राम जन्मभूमि परिसर के अंदर दोपहर करीब सवा तीन बजे शुरू हुई जिसमें ट्रस्ट के नौ स्थायी सदस्यों में से सात ने भाग लिया। मंदिर के दान के गबन के आरोपों के बाद राय और मिश्रा द्वारा दिए गए इस्तीफे पर विचार-विमर्श करने, मामले की एसआईटी जांच की प्रगति की समीक्षा करने और इस्तीफे स्वीकार किए जाने पर ट्रस्ट में प्रमुख पदों पर नियुक्तियों पर चर्चा करने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी।

### भिड़ंत के बाद वाहनों में ...

चुरैला नाला के समीप दो बाइक सवारों के बीच आमने सामने की भिड़ंत हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक पर सवार एक महिला समेत तीन युवक दूर जा गिरे। इस घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोनों युवकों की बाइक में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। घटना के बाद मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया।

## पेज एक के शेष

### महतारी वंदन में...

यह है कि आवेदन में हितग्राही का नाम तिलोक साहू और पति का नाम भी तिलोक साहू ही दर्ज था, इसके बावजूद किसी स्तर पर इस गड़बड़ी को समय रहते नहीं पकड़ा जा सका।

**परियोजना अधिकारी बोलीं—रिकवरी कर ली गई, बाकी जानकारी देखकर बताएंगे :** परियोजना अधिकारी रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि संबंधित हितग्राही से रिकवरी कर ली गई है। अन्य जानकारी के संबंध में उन्होंने रिकॉर्ड देखकर जानकारी देने की बात कही। हालांकि, मामला केवल वसूली तक सीमित नहीं है। एक पुरुष का आवेदन महतारी वंदन योजना में कैसे दर्ज हुआ, आंगनबाड़ी और सुपरवाइजर स्तर पर किस आधार पर सत्यापित किया गया, 12 महीने तक भुगतान कैसे जारी रहा और ऑनलाइन रिकॉर्ड व वसूली राशि में अंतर क्यों दिखाई दे रहा है इन सवालों का स्पष्ट जवाब अभी सामने आना बाकी है।

### नाम भी तिलोक...

रही है। आवेदन में हितग्राही और पति दोनों का नाम एक ही होने के बावजूद जांच के दोनों स्तरों से आवेदन कैसे पास हो गया, यह विभागीय सत्यापन व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। वर्तमान में आवेदन की स्थिति 'परमानेंट होल्ड' और लाभ त्याग अनुरोध स्वीकृत दिखाई दे रही है।

### रिकॉर्ड में 12 महीने ...

यदि 12 महीने तक राशि का भुगतान हुआ तो वसूली केवल 10 महीने की राशि की क्यों की गई? शेष भुगतान की स्थिति क्या है, इसका जवाब विभागीय जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### छह दिनों में सूखे ...

अपनी औसत से 90 फीसदी ज्यादा 423.9 मिमी. के साथ काफी ज्यादा बारिश की स्थिति में है। सात जिले औसत से 19 प्रतिशत से ज्यादा के आंकड़े को पार कर चुके हैं और रायपुर समेत 11 जिले सामान्य स्थिति में आ चुके हैं। पिछले चौबीस घंटे में राज्य में 45.8 मिमी. बारिश हुई है और कई जिले बरसात के पानी से सराबोर हो चुके हैं।

**सिस्टम एमपी की ओर :** आगे बढ़ने की वजह से सिस्टम धीरे-धीरे कमजोर होने लगा है मगर कई इलाकों में भारी बरसात की संभावना कम नहीं हुई है। अगले चौबीस घंटे में भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मप्र से लगे बिलासपुर संभाग के जिले तथा उससे लगे दुर्ग संभाग के जिले संभावित है। अवदाब दक्षिण झारखंड और उससे लगे उत्तर अंदरूनी उड़ीसा के ऊपर स्थित है तथा यह पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ़ तथा उससे लगे पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर अगले 24 घंटे में पहुंचे की संभावना है। माना जा रहा है कि 8 जुलाई के बाद बारिश की गतिविधि में कमी आ सकती है।

**00 मुंबई में बारिश, रायपुर की फ्लाइट हैदराबाद पहुंची :** छत्तीसगढ़ ही नहीं मानसून से महाराष्ट्र का जनजीवन भी प्रभावित है। मुंबई से साढ़े तीन घंटे विलंब से रायपुर आई फ्लाइट वापसी के दौरान हैदराबाद पहुंच गई। मुंबई एयरपोर्ट के ऊपर चक्कर लगाने के दौरान विजिबलिटी के अभाव में उसे लैंडिंग की अनुमति नहीं मिल पाई थी। वह 11.53 को मुंबई विमानतल के ऊपर से रवाना होकर 1.53 बजे हैदराबाद जाकर लैंड हुई। मौसम के ठीक होने के बाद मुंबई का सफर 4.45 बजे समाप्त हुआ। इसके अलावा यहां से दोपहर तीन बजे टेकऑफ होने वाली मुंबई फ्लाइट शाम 6.22 बजे उड़ सकी और रात करीब साढ़े आठ बजे यानी लगभग 4 घंटे लेट से वहां लैंड हुई।

### इन इलाकों में...

भारी से मध्यम वर्षा की गतिविधि से प्रभावित रहा।

### दुर्ग शहर में दो ...

और खारून नदी ऊफान पर आ गई है। भिलाई-दुर्ग में नाले भी ऊफान पर है। मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग शहर में 5 जुलाई को 206.6 और 6 जुलाई को 88.6 मिमी पानी गिरा है। वहीं जिले के अहिवारा में सोमवार को 72.9, भिलाई में 54.5, बोरी में 110, धमधा में 40.6, पाटन में 48.1 मिमी पानी गिरा है। इस प्रकार पिछले समय से चल रहा सूखा खत्म हो गया है। आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश की संभावना बन रही है।

### एनएच 130 सी...

पेड़ गिरने के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। लगातार बारिश के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर प्रशासन और संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। एसडीएम हितेश्वरी ने बताया कि नेशनल हाईवे कोदोमाली के पास बारिश और आंधी तूफान से सड़क पर रात को विशाल पेड़ गिर जाने के कारण लगभग 10 घंटे तक जाम लगा रहा। दोनों तरफ सैकड़ों वाहनों की कतार लगी रही। लगभग दस घंटे बाद सुबह 9 बजे के आसपास सड़क से पेड़ हटाकर यातायात बहाल किया गया।

### गरियाबंद-धमतरी...

खलिहान, तालाब, पोखर और छोटे-बड़े नाले लबालब भर गए हैं। लगातार बारिश के कारण सरगी नाला उफान पर है। वहीं कोपरा-डूमरपाली एनिकेट के ऊपर से पानी बहने लगा है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। इसके चलते गरियाबंद और धमतरी जिले का संपर्क इस रास्ते से टूट गया है। लोग अब वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेकर आवागमन कर रहे हैं।

### 20 दिनों के भीतर...

है। नारायणपुर जिले में पदस्थ रेडियोग्राफर चन्द्रशेखर मंडावी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया था कि वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओरछा में रेडियोग्राफर के पद पर कार्यरत है। उसका तबादला 26 जून 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमाबेड़ा कांकेर किया गया था। आदेश जारी होने के एक साल बाद भी विभाग उसे कार्यमुक्त नहीं कर रहा है जिसके चलते वह नई जगह पर ज्वाइन नहीं कर पा रहा है। शासन के अधिवक्ता ने सरकारी परिपत्र 7 जनवरी 2026 का हवाला देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को इसलिए रिलीव नहीं किया गया, क्योंकि उनकी जगह पर अभी तक कोई दूसरा कर्मचारी, एवजी नहीं आया है। शासन के मुताबिक नीति यह है कि अनुसूचित क्षेत्र के पदों को खाली नहीं छोड़ा जा सकता।

### पुलिस आरक्षकों की प्रमोशन ...

दूसरे जिलों में जाने वाले आरक्षकों की वरिष्ठता की गणना को लेकर है। नियमों के अनुसार जब कोई आरक्षक स्वेच्छा से दूसरे जिले में ट्रांसफर लेता है तो उसे उस नए जिले की वरिष्ठता सूची में सबसे नीचे रखा जाता है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि पुलिस विभाग इस स्थापित नियम को दरकिनार कर प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू कर चुका है।

### 13 सालों से शहर में ...

साथ ही शहर के बस के संचालन ने ना सिर्फ उसे पनाह दी बल्कि उसके साथ पार्टनरशिप भी किया। अब इस मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने बस संचालक और उसके साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर दिया है। बता दें कि झारखंड के गैंगस्टर सब्बीर आलम और उसके साथी को गिरफ्तार करने के लिए 3 जुलाई को धनबाद की पुलिस गिरफ्तार करने के लिए आई थी। आरोपी सब्बीर आलम और उसके साथी पर गैंग्स ऑफ वासेपुर के डॉन फहीम खान की मां और चाची की हत्या का आरोप था। हालांकि जब धनबाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए रिंग रोड मोनीनपूरा स्थित घर में छापा मारा तो मौके पर मौजूद लोगों के विरोध का फायदा उठाकर आरोपी भाग निकला था और अब तक उसका पता नहीं चल सका है। इस बीच कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। वर्ष 2013 में पुलिस कस्टडी से फरार होने के बाद आरोपी सब्बीर आलम अपने साथी जावेद खान के साथ शहर के मोनीनपुरा में रह रहा था।

### पार्टनरशिप में चल ...

कारोबार चल रहा था। इस दौरान सब्बीर आलम ने शहर में अपना एक आलीशान मकान भी बनाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गैंगस्टर सब्बीर आलम और उसके सहयोगी जावेद खान को संरक्षण देने और उसके साथ सहयोग करने वालों की पहचान की जा रही है।

**जींद-सोनीपत रूट पर चलेगी विश्व की सबसे लंबी 10 कोच वाली हाइड्रोजन ट्रेन**

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे प्रधानमंत्री

**शून्य प्रतिशत होगा कार्बन उत्सर्जन: डा. अर्चना गुप्ता**

**जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे और कुरुक्षेत्र में बनने वाले भव्य सिख म्यूजियम सहित हरियाणा को मिलेंगी कई करोड़ों की सौगातें**

**प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने जींद में कार्यकर्ताओं की बैठक कर दिए पीएम मोदी की रैली को एतिहासिक बनाने के दिशा निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जींद में होने वाली रैली को लेकर सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जींद स्थित चैधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय हुई इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि जींद की ऐतिहासिक और पावन धरा पर आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद आ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का लोकार्पण कर उसे हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन से सोनीपत के बीच चलेगी। इसके साथ ही वे हरियाणा को हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे।



गुप्ता ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता जुट जाएं और अधिक से अधिक लोगों को रैली में लाकर ऐतिहासिक पलों का साक्षी बनाने का काम करें। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जब-जब हरियाणा आए हैं हरियाणा को बड़े-बड़े प्रोजेक्ट दिए हैं। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को हाईड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद नरवाना रेलवे जंक्शन का विधिवत उद्घाटन करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को लाने का आह्वान किया। रैली के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि पीएम मोदी की रैली अभूतपूर्व रैली होगी। रैली की भव्य तैयारियां की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पेट्रोल डीजल के कम उपयोग का आह्वान किया है। इसलिए सभी कार्यकर्ता आस पास से अधिक लोगों को लेकर रैली में पहुंचे। लोगों को ट्रैक्टर ट्राली, ई-रिक्शा से लेकर आएं। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, मंत्री कृष्ण बेदी, जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, विधायक देवेंद्र अत्री, विधायक राम कुमार गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष अमरपाल राणा, विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा, देवेंद्र अत्री, जिला प्रभारी मदन लाल गोयल, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, जवाहर सैनी, चेयरमैन कैप्टन योगेश, जिला महामंत्री जितेन्द्र रोड़, पुष्पा तायल, श्रवण गर्ग, एडवोकेट विजयपाल मौजूद रहे।

### 10 कोच वाली यह हाइड्रोन ट्रेन पूरे विश्व की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन है: अर्चना

कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर भारत में कुल तीन मुख्य कार्यक्रम हैं, जिनमें से सबसे पहला कार्यक्रम सुबह 9 बजे जींद में होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जींद के रेलवे स्टेशन पर हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी एक्सप्रेस-वे, दो नए मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण करेंगे। इन कॉलेजों के ऑडिटोरियम से स्थानीय मंत्री और जनता ऑनलाइन जुड़ेंगे। कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर एक विशाल एकड़ भूमि में बनने वाले ऐतिहासिक भव्य सिख म्यूजियम का शिलान्यास किया जाएगा। डा. अर्चना गुप्ता ने पीएम मोदी कुरुक्षेत्र में बनकर तैयार हुए एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का भी लोकार्पण करेंगे।

# लेफ्टिनेंट कर्नल, मेजर और इंजीनियर रैंक के 10 अफसरों पर सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

**फर्जी कैजुअल मजदूरों के नाम पर धन गबन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) में फर्जी कैजुअल मजदूरों के नाम पर सरकारी धन के कथित गबन के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को 11 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में 26 स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, असम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में की गई। तलाशी चार आपराधिक मामलों के सिलसिले में की गई है, जो लद्दाख स्थित बीआरओ की प्रोजेक्ट विजयक और प्रोजेक्ट योजक में कैजुअल मजदूरों की तैनाती और उनके नाम पर भुगतान में कथित अनियमितताओं से जुड़े हैं।





### चार एफआईआर दर्ज

सीबीआई ने बताया कि इन मामलों में रक्षा मंत्रालय की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर चार एफआईआर दर्ज की गई थीं। शिकायतें बीआरओ के तकनीकी अधिकारियों के बोर्ड द्वारा की गई आंतरिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर दर्ज कराई गईं। जांच एजेंसी के अनुसार, मामलों में सरकारी धन के गबन, धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक षड्यंत्र तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वत और आपराधिक कदाचार के आरोप शामिल हैं।

### निजी व्यक्ति भी आरोपी

एफआईआर में लेफ्टिनेंट कर्नल, मेजर और इंजीनियर रैंक के कुल 10 अधिकारियों के अलावा कुछ निजी व्यक्तियों को भी नामजद किया गया है। सीबीआई ने छापेमारी के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। एजेंसी ने कहा कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

**एनएचएआई के शिलांग का मामला**

# 12 लाख की रिश्वत मांगी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर समेत तीन पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीआई ने रिश्वतखोरी के एक मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के शिलांग स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आनंद सिंह चौहान तथा दो निजी व्यक्ति पुनीत अग्रवाल और मनीष अग्रवाल शामिल हैं।

सीबीआई के अनुसार, एजेंसी ने 1 जुलाई को एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एनएचएआई, शिलांग के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आनंद सिंह चौहान ने शिकायतकर्ता के लगभग 13.38 करोड़ के लंबित बिल को आगे बढ़ाने और उसका निस्तारण करने के बदले 12 लाख रिश्वत की मांग की थी। जांच के दौरान आरोप सामने आया कि आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम में से 4 लाख अग्रिम देने के निर्देश दिए। अधिकारी ने यह राशि गुवाहाटी में एक निजी व्यक्ति को सौंपने के लिए कहा। बाद में उस व्यक्ति ने शिकायतकर्ता को यह रकम गुवाहाटी के ही एक अन्य निजी व्यक्ति को देने का निर्देश दिया।

### सीबीआई ने बिछाया जाल

शिकायत के सत्यापन के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और गुवाहाटी में एक निजी व्यक्ति को शिकायतकर्ता से 4 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आनंद सिंह चौहान तथा दोनों निजी व्यक्तियों को भी गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने तीनों आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी भी ली है। एजेंसी मामले की आगे की जांच कर रही है और रिश्वतखोरी के पूरे नेटवर्क तथा अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।


**।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।**

**-:: ऑफर आमंत्रण ::-**

क्रमांक/ / रा०वि०बा०/2026 — दुर्ग, दिनांक ..........

नगर पालिक निगम, दुर्ग सीमा क्षेत्र में EOI (Expression of Interest) (रूचि की अभिव्यक्ति) के तहत् कार्य किया जाना है। इच्छुक फर्मों / पार्टियों से दिनांक 22-7-2026 को कार्यालयीन समय तक ऑफर आमंत्रित किए जाते हैं। ऑफर हेतु प्रपत्र नगर निगम के बाजार विभाग में दिनांक 20-7-2026 तक प्राप्त किए जा सकते है। प्राप्त ऑफर दिनांक 23-7-2026 की उपस्थित ऑफरकर्ता के समक्ष 4 PM बजे शाम को खोले जायेंगे। ऑफर के साथ 1,00,000/-रू० अमानत राशि (F.D.R) एवं आवेदन शुल्क 1,000/-रू० नगद जमा कर रसीद प्राप्त करना होगा।

कार्य का नाम :-

1- EOI के आधार पर निगम सीमा क्षेत्र के भीतर 15 स्थानों पर लोगों को खाध्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में कंटेनर स्थापित कर विक्रय केन्द्र खोला जाना है। कार्य अवधि 05 वर्ष की होगी।
2- निर्धारित कार्य अवधि समाप्त होने के पश्चात् परफारमेंस के आधार पर नवीनीकरण किया जा सकेगा।
3- कंटेनर का साईज अधिकतम 15 x 08 x 08 रखना होगा, एवं जगह का किराया वर्तमान प्रचलित दर अस्थाई दखल शुल्क के दर पर मासिक किराया देना होगा।
4- कंटेनर में सब्जी, फल खाध्य सामग्री ही विक्रय किया जावेगा। पान, मसाला, गुटखा, मांस, मटन एवं अवैधानिक चीजो का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।
5- कंटेनर में नगर पालिक निगम, दुर्ग का लोगो एवं शासन की योजनाओ का प्रचार प्रसार करना अनिवार्य होगा।
6- कंटेनर का निर्माण स्वयं के खर्च पर करना होगा, बिजली स्वयं के खर्च पर लगाना होगा, एवं बिजली बिल का भुगतान स्वयं करना होगा, एवं कंटेनर का रखरखाव एवं सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी एजेंसी की होगी।
7- यातायात बाधित न हो इसका ध्यान स्वयं रखना होगा।
8- खाध्य सामग्री विक्रय हेतु रखे गये कर्मचारी का पुलिस सत्यापन कराना होगा।
9- अन्य विभाग PWD इत्यादि के स्थान पर स्थापित करने पूर्व संबधित विभाग से NOC लिया जाना अनिवार्य होगा।
10- किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम, दुर्ग का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
11- नियम अनुसार यूजर चार्ज हर माह अदा करना होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, दुर्ग


## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा सूचना संख्या | अनुमानित निविदा मूल्य (₹) | बयाना राशि/बोली सुरक्षा (₹) में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | SSE (वर्क्स) तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र में आने वाली तुमसर रोड – तिरोडी ब्रांच लाइन के कचेवानी (एक्स) से खाट (इन) और तुमसर रोड (एक्स) से तिरोडी (इन) सेक्शन में 30.06.2027 तक सिविल जोनल काम (जैसे सफेदी/रंग–रोगन/पेंटिंग और सड़क की मरम्मत कार्य आदि) करवाना। | C/16/NAG/2026-2027 | 1,62,50,000/- | 3,25,000/- |
| 2. | SSE (वर्क्स) इतवारी के अधिकार क्षेत्र में नागपुर (एक्स) से खाट (एक्स) सेक्शन (जिसमें कन्हान–रामटेक ब्रांच लाइन भी शामिल है) के लिए 30.06.2027 तक सिविल जोनल कार्य (जैसे सफेदी/रंग–रोगन/पेंटिंग और सड़क की मरम्मत कार्य आदि) का निष्पादन। | C/17/NAG/2026-2027 | 1,75,00,000/- | 3,50,000/- |
| 3. | ADEN/ट्रैक/नागपुर के अधिकार क्षेत्र में MS एंगल फ्रेम और पोस्ट सहित विभिन्न प्रकार के इंजीनियरिंग बोर्ड की सप्लाई और फिक्सिंग, तथा ग्रेडिएंट पोस्ट, Km पोस्ट और फाउलिंग मार्क बनाना और लगाना। | C/18/NAG/2026-2027 | 26,45,748/- | 52,900/- |

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता केवल दिनांक 24.07.2026 को 15.00 बजे तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां प्रस्तुत कर सकेंगे। मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण हमारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

PAM/17/33 — वरि. मंडल अभियंता (मध्य)/द.पू.म. रेलवे/नागपुर

South East Central Railway — @secrail

**कार्यालय नगर पंचायत कोतबा, जिला जशपुर (छ.ग.)**

क्रमांक / 198/न.पं. / 2026-27 कोतबा, दिनाँक 6/07/2026
E-mail Id : cmonpkotba@gmail.com

**// संशोधित तृतीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना (Date Corrigendum)//**

नगर पंचायत कोतबा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा की अंतिम तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-


| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर नम्बर | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि व समय | दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of KOTBA, Chhattisgarh | 194225 | 25.67 | 10-07-2026 17:30 PM | 13-07-2026 16:30 PM | 14-07-2026 15:30 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.csstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें एवं नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कोतबा


## शब्द पहेली - 6279



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 6278 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 6289

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

**सूडोकु नवताल - 6288 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**खबर संक्षेप**

## सीएम ने भोपाल में औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के सतगढ़ी इलाके में एक औद्योगिक पार्क का भूमि-पूजन किया और कहा कि इसे देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा। भारतीय जनसंघ के संस्थापक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक रहे मुखर्जी की जयंती के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 173 एकड़ में बनने वाला इस औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी।

# यूजरनेम विवाद : व्हाट्सऐप को जवाब देने मिला अतिरिक्त समय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मेटा के स्वामित्व वाले त्वरित संदेश मंच व्हाट्सऐप को विवादित 'यूजरनेम' फीचर पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार ने अतिरिक्त समय दिया है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

- व्हाट्सऐप का आश्वासन, सरकार से चर्चा के बाद ही भारत में लागू करेंगे

सूत्रों के मुताबिक, व्हाट्सऐप ने आश्वासन दिया है कि सरकार के साथ चर्चा पूरी नहीं होने तक इस फीचर को भारत में लागू नहीं किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि व्हाट्सऐप को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय के नोटिस पर जवाब देने के लिए तीन दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। पहले जवाब देने की अंतिम तिथि शुक्रवार निर्धारित थी।


**आईटी मंत्रालय ने मेटा को जवाब देने तीन दिन अतिरिक्त दिया**

### धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि हो सकती है

यूजरनेम फीचर के तहत उपयोगकर्ता फोन नंबर साझा नहीं करने के बावजूद मैसेजिंग मंच पर संवाद या चैट कर सकेंगे। केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह इस प्रस्तावित फीचर को लेकर मेटा को नोटिस जारी किया था और आशंका जताई थी कि इससे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट जैसे घोटाले और प्रतिरूपण के मामलों में वृद्धि हो सकती है।

### व्हाट्सऐप के भारत में 50 करोड़ उपयोगकर्ता

कंपनी ने यह भी कहा था कि यूजरनेम के साथ धोखाधड़ी रोकने के लिए कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था विकसित की गई है। आईटी मंत्रालय ने टेलीग्राम और सिग्नल को भी नोटिस जारी कर उनके मौजूदा यूजरनेम फीचर को लेकर सवाल उठाए हैं और धोखाधड़ी एवं प्रतिरूपण से जुड़े जोखिमों से निपटने के तरीकों के बारे में जानकारी मांगी है। व्हाट्सऐप के भारत में लगभग 50 करोड़ उपयोगकर्ता हैं, जबकि टेलीग्राम का दायरा इससे काफी कम है।



***सरकार ने प्रक्रिया पूरी होने तक फीचर को रोकने कहा***

*सरकार ने इस फीचर को परामर्श प्रक्रिया पूरी नहीं होने तक रोकने को भी कहा था। मेटा की एक टीम ने पिछले शुक्रवार को आईटी मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी। नोटिस में सरकार ने मेटा से यह स्पष्ट करने को कहा था कि ऐसे फीचर के चलते साइबर अपराध बढ़ने की आशंका को देखते हुए आईटी अधिनियम और संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई क्यों न की जाए।*

### सामग्री के प्रसार पर सख्ती बरतने का निर्देश

हाल के दिनों में मेटा और टेलीग्राम अन्य मुद्दों को लेकर भी नियामकीय जांच के दायरे में रहे हैं। सरकार ने इंस्टाग्राम पर बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़े विज्ञापनों के मामले में मेटा को नोटिस जारी किया है, जबकि टेलीग्राम को पायरेटेड फिल्में और अन्य ऑडियो-विजुअल सामग्री के प्रसार पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया गया है।

### यूजरनेम फीचर अभी चालू नहीं: कंपनी

व्हाट्सऐप को इस संदर्भ में भेजे गए ईमेल का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला। हालांकि, कंपनी के प्रवक्ता ने पिछले सप्ताह कहा था कि यूजरनेम फीचर अभी लागू नहीं है और इसे इस वर्ष बाद में चरणबद्ध तरीके से पेश किया जाएगा। प्रवक्ता के मुताबिक, किसी अन्य व्यक्ति का नाम, पहचान या प्रोफाइल इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह करना यानी प्रतिरूपण से बचाव के लिए सार्वजनिक हस्तियों, सरकारी संस्थाओं और सत्यापित खातों से जुड़े प्रमुख नामों को सुरक्षित रखा गया है।

**भारत में 8.5 लाख सहकारी संस्थाओं के 30 करोड़ से अधिक सदस्य**

## सहकारी मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस पर बोले अमित

# 'भारत टैक्सी' की तर्ज पर नई सहकारी जीवन बीमा कंपनी बनेगी: शाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भारत के सहकारी तंत्र की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए पेशेवरों की नियुक्तियों में भ्रष्टाचार समाप्त करने पर जोर दिया। भारत में लगभग 8.5 लाख सहकारी संस्थाएं हैं, जिनके 30 करोड़ से अधिक सदस्य हैं।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को घोषणा की कि सहकारी संस्थाओं के कारोबार का दायरा बढ़ाने के लिए एक सहकारी जीवन बीमा कंपनी स्थापित की जाएगी। उन्होंने साथ ही कहा कि 'भारत टैक्सी' की सेवाओं का विस्तार अगले दो साल में 500 शहरों तक किया जाएगा

### भारत टैक्सी का विस्तार 500 शहरों तक किया जाएगा

मंत्री ने मंत्रालय की ओर से उठाए गए कदमों का उल्लेख किया, जिनमें सहकारी तंत्र में पारदर्शिता और पेशेवर व्यवस्था लाने के प्रयास शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि सहकारी मॉडल के तहत शुरू की गई कैब सेवा से जुड़े मंच 'भारत टैक्सी' का प्रदर्शन अच्छा रहा है और अगले दो वर्षों में इसका विस्तार 500 शहरों तक किया जाएगा।

### इफको-टोकियो पहले से बीमा कारोबार में

सहकारिता मंत्री ने कहा, भारत टैक्सी' की तर्ज पर हम सहकारी क्षेत्र में एक जीवन बीमा कंपनी स्थापित करेंगे। इससे बीमा क्षेत्र में सहकारी संस्थाओं के विकास में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा कि उर्वरक क्षेत्र की सहकारी संस्था इफको का संयुक्त उद्यम इफको-टोकियो पहले से ही बीमा कारोबार में है। भारत में वर्तमान में 26 जीवन बीमा कंपनियां हैं।

### 54,000 से अधिक पैक्स कार्य कर रहे

मंत्री ने कहा कि सहकारी संस्थाओं ने डेयरी, चीनी, उर्वरक और बैंकिंग जैसे पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़ते हुए कई नए क्षेत्रों में भी प्रवेश किया है। कुल 394 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) ने खुदरा ईंधन बिक्री केंद्र के लिए आवेदन किया है, जिनमें से तीन चालू हो चुके हैं। 54,000 से अधिक पैक्स साझा सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में कार्य कर रहे हैं।



- सहकारी संस्थाओं के कारोबार का दायरा बढ़ेगा
- सहकारी तंत्र की विश्वसनीयता बढ़ाने में मदद मिलेगी

### भारत टैक्सी के साथ 6.37 लाख पंजीकृत चालक

'भारत टैक्सी' सहकारिता मॉडल पर आधारित चालक-केंद्रित परिवहन मंच सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड की एक पहल है। वर्तमान में भारत टैक्सी के साथ 6.37 लाख पंजीकृत चालक और 35.77 लाख पंजीकृत ग्राहक जुड़े हुए हैं।

### बीज उत्पादन के लिए राष्ट्रीय सहकारी संस्था का गठन

अगले कुछ महीनों में इसे रांची, पटना, गुवाहाटी, भोपाल, कोलकाता, इंदौर और नागपुर में भी शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि विशेष रूप से बीज उत्पादन के लिए एक राष्ट्रीय सहकारी संस्था का गठन किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अगले तीन वर्षों में देश की सबसे बड़ी गैर-सरकारी बीज उत्पादन संस्था बनकर उभरेगी।

### सहकारी क्षेत्र का डेटाबेस तैयार

*शाह ने कहा कि मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र का एक 'डेटाबेस' तैयार किया है, जिससे देश में सहकारी संस्थाओं के विस्तार में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि गुजरात के आणंद में क्षमता निर्माण के लिए त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है, जो मानव संसाधन की समस्या से निपटेगा। मंत्री ने विश्वास जताया कि सहकारी क्षेत्र वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।*

### केंद्र का राज्यों के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं

*केंद्रीय मंत्रालय पर राज्यों के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप करने की आशंका जताए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस शासित राज्यों ने भी यह शिकायत नहीं की कि केंद्रीय मंत्रालय ने उनके अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप किया है। शाह ने कहा, '' केंद्रीय मंत्रालय का उद्देश्य राज्यों के विषयों में हस्तक्षेप करना नहीं है। इसका उद्देश्य नीतियां बनाना है।''*

# प्लास्टो ने लांच किया एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वॉटर टैंक

- स्वच्छ व सुरक्षित जल उपलब्ध कराने का दावा

**नागपुर।** आरसी प्लास्टो टैंक्स एंड पाइप्स प्रा. लि. ने घरेलू जल भंडारण को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से अपना नया 'प्लास्टो एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वॉटर टैंक' बाजार में लांच किया है।




कंपनी का दावा है कि यह अत्याधुनिक तकनीक से लैस टैंक पानी की स्वच्छता बनाए रखने के साथ नियमित सफाई की आवश्यकता को काफी हद तक कम करेगा। कंपनी के अनुसार, अधिकांश घरों में ऊंचाई पर स्थापित पानी की टंकियों की नियमित सफाई समयाभाव और पहुंच की कठिनाई के कारण नहीं हो पाती, जिससे टैंक में धूल, मिट्टी और अन्य अशुद्धियां जमा होकर पानी की गुणवत्ता प्रभावित करती हैं। इसी समस्या के समाधान के लिए विकसित इस टैंक में सेल्फ क्लीनिंग टेक्नोलॉजी दी गई है, जो पानी के शक्तिशाली प्रवाह के माध्यम से तल में जमा गंदगी और कचरे को बाहर निकालने में मदद करती है। प्लास्टो का यह टैंक मल्टी-लेयर तकनीक से निर्मित है, जिससे इसकी मजबूती और टिकाऊपन बढ़ता है। साथ ही, इसमें यूवी स्टेबलाइज्ड प्रोटेक्शन दिया गया है, जो सूर्य की हानिकारक किरणों से सुरक्षा प्रदान कर उत्पाद की गुणवत्ता को लंबे समय तक बनाए रखता है। ग्राहकों के भरोसे को मजबूत करने के लिए कंपनी इस टैंक पर 10 वर्ष की वारंटी भी उपलब्ध करा रही है।

# एआई का उपयोग करने वाले डॉक्टर भविष्य का नेतृत्व करेंगे : डॉ. रेड्डी

- त्वचा रोगों के निदान में उल्लेखनीय परिवर्तन ला रहा

**हैदराबाद।** एआई स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और प्रभावी बनाने के साथ चिकित्सा अनुसंधान एवं रोगी देखभाल में अहम बदलाव ला रही है। एआईजी हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. डी. नागेश्वर रेड्डी ने यह विचार आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन (आईएफएचई) के 16वें स्थापना दिवस व्याख्यान में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड द फ्यूचर ऑफ हेल्थकेयर' विषय पर व्यक्त किए। रेड्डी ने कहा कि एआई डॉक्टरों का विकल्प नहीं, बल्कि उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने वाला सहयोगी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई डॉक्टरों की जगह नहीं लेगा, लेकिन एआई का उपयोग करने वाले डॉक्टर भविष्य का नेतृत्व करेंगे। डॉ. रेड्डी ने बताया कि एआई दवा खोज, रेडियोलॉजी, टेलीमेडिसिन, जीनोमिक्स, कैंसर की प्रारंभिक पहचान, त्वचा रोगों के निदान तथा दूरस्थ रोगी निगरानी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय परिवर्तन ला रहा है।



### एआई के उपयोग पर दिया बल

कार्यक्रम की अध्यक्षता आईसीएफएआई के कुलाधिपति डॉ. सी. रंगराजन ने की। उन्होंने एआई के जिम्मेदार उपयोग पर बल देते हुए कहा कि इसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षाविद, शोधार्थी, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# चांदी 5000 रुपए लुढ़की सोना मामूली टूटा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 150 रुपये टूटकर 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। वहीं चांदी 5,000 रुपये के नुकसान में रही।

वैश्विक स्तर पर सुस्ती के रुख और मजबूत डॉलर के कारण कारोबारियों ने कीमती धातुओं में अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे सर्राफा कीमतों में गिरावट आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की चार दिन की तेजी थम गई और यह शुक्रवार के 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 5,000 रुपये टूटकर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

# सुपर संडे सेल में उमड़ी खरीदारों की भीड़ अविनाश मैग्नेटो मॉल में दिनभर रही रौनक

**रायपुर।** अविनाश मैग्नेटो मॉल में 5 जुलाई को आयोजित सुपर संडे सेल को रायपुरवासियों का जबरदस्त प्रतिसाद मिला। एक दिवसीय इस विशेष सेल के दौरान मॉल में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी और आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में लोग परिवार व मित्रों के साथ पहुंचे।

सेल में फैशन, लाइफस्टाइल, फुटवियर, ब्यूटी, एक्सेसरीज सहित विभिन्न प्रमुख ब्रांड्स पर फ्लैट 50 प्रतिशत तक की छूट दी गई। आकर्षक ऑफर्स के चलते अधिकांश स्टोर्स पर ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। खरीदारी के साथ मनोरंजक माहौल ने परिवारों, युवाओं और बच्चों के लिए इस आयोजन को यादगार बना दिया।

### ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स उपलब्ध कराएंगे

मॉल के डायरेक्टर प्रियंक सिंघानिया, सीओओ राज कुजूर तथा मार्केटिंग एवं इवेंट हेड आभा गुप्ता ने शहरवासियों के उत्साह और विश्वास के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स, मनोरंजक गतिविधियां और बेहतर शॉपिंग अनुभव उपलब्ध कराए जाएंगे। सफल आयोजन ने एक बार फिर अविनाश मैग्नेटो मॉल की लोकप्रियता को रेखांकित किया।



**रुपया 20 पैसे टूटकर 95.38 प्रति डॉलर पर।** **मुंबई।** रुपया सोमवार को 20 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.38 पर आ गया। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपये पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.25 प्रति डॉलर पर खुला।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**शुद्धि पत्र क्रमांक - 01**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित नि.आ.सू. क्रमांक 07/ वलेलि/ 26-27 सिस्टम निविदा क्र. 192399 (प्रथम आमंत्रण) (जी-नंबर 262701277) दिनांक 08.06.2026 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-

| Sl. No. | Particulars |
|---|---|
| 1 | Bid Start Date and time Online Submission of Tender **06.07.2026, 17:31 Hours** |
| 2 | Last Date & Time for Online Submission of Tender **20.07.2026 up to 17:30 Hours** |
| 3 | Bid Opening Date & Time **21.07.2026 at 11:30 Hours** |

उपरोक्त संशोधन का विवरण छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर ऑनलाइन भी देखा जा सकता है।

टीप :- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगीं ।

कार्यपालन अभियंता
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर छ.ग.

G-262701889/3



**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur (C.G.) - 492006
CIN U45203CT1981SG001853, PAN : AABCM6288N, GST Regn No22AABCM6288N5ZY, Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@gov.nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

CSIDC/Flat.Fac./RFP/03/2026 — **REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)** (Through e-Procurement Portal Only) — Raipur, Dated 04/07/2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation (CSIDC) a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, 1956 engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State envisages to develop "Flatted Factory" at Bhilai, Chhattisgarh.

"Request for Proposal" (RFP) is for planning designing, financing, construction. development, marketing, operation & maintenance of proposed DEVELOPMENT OF FLATTED FACTORY UNDER PUBLIC PRIVATE PARNTERSHIP (PPP) MODE IN DBFOT MODEL AT AGRICULTURE IMPLEMENT FACTORY BHILAI (CHHATTISGARH" on leasehold as is where is basis.

| Land | Area of land (in Acre/SQM) | FAR/FSI Offered | Land use proposed |
|---|---|---|---|
| Agriculture Implement Factory | 4.51 Acres (approx.) (Leasehold on as is where is basis) | 3.00 | Commercial |

The RFP document containing detailed terms & condition, scope of work and other details is available for download from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in and shall be submitted online only Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:** The interested tenders for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk, Operated by Mjunction Servies Limited. they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk eproc@cgswan.gov.in.

Tenderer may contact to Chief Engineer, CSIDC (Mob. No. +91 99264-80284) Udyog Bhawan in working hours on working days to clear their doubts if any before online submission of the tender.

S-48356/1 — **Chief Engineer**



**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com
**13 (2) के तहत मांग सूचना**

आप, निम्नलिखित ऋणधारक, ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को गिरवी रखकर ऋण लिया है और आप ही ने ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदार के रूप में कार्य किया है। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, प्रतिभूतिकरण एवं वितीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत **04-07-2026** को आपके ऋण खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के साथ धारा 13(13) के तहत आपके द्वारा दिए गए पते पर मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस **04-07-2026** को जारी किए गए हैं और इनमें कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। अत:, वर्तमान प्रकाशन एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (2) के प्रावधान के अनुसार और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है:

| क्र. सं. | खाताधारक का नाम और पता, ऋणधारक(ओं) और जमानतदार(ओं) | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग नोटिस की तिथि तक कुल बकाया राशि, ब्याज और अन्य व्यय सहित (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | नोकेश कुमार देशमुख, नेहा देशमुख | प्लॉट- प.ह.नं. 28, प्लॉट नं. 08, खसरा नं. -615/1; प.ह.नं. -24; ग्राम-अंजोरा, प्लॉट नंबर-08, ग्राम पंचायत अंजोरा, तह. व ज़िला- दुर्ग (छत्तीसगढ़), दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001, चौहद्दी: पूर्व-अन्य का प्लॉट, पश्चिम-सड़क, उत्तर-प्लॉट नंबर-09, दक्षिण-प्लॉट नंबर-07 | 11,13,127 |
| 2. | सोहेल जाधव, स्वर्गीय राजेश जाधव (मृतक), स्वर्गीय राजेश जाधव (मृतक) के अन्य वैध प्रतिनिधि | फ़्लैट-जीएफ ई-29/102,29, ईडब्ल्यूएस परसदा, कुम्हारी, पूर्व, ख.नं. 1061, 1742, प.ह.नं. 04, परसदा में, तहसील पाटन, ज़िला दुर्ग, छत्तीसगढ़, परसदा-491111, चौहद्दी: पूर्व-निजी भूमि, पश्चिम-ई-29/101, उत्तर-ब्लॉक नंबर-28, दक्षिण- ई.-29/103 | 5,05,1[illegible]3 |

आपको इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को ब्याज और लागत सहित उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत ऋणधारकों, बंधककर्ताओं एवं जमानतदारों की सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करेगी, जिसमें उनकी सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करना भी शामिल है। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को प्राप्त शक्तियों में शामिल हैं: (1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करने की शक्ति, जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को मुक्त करने के लिए पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है; (2) सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना, जिसमें पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है, और सुरक्षित संपत्तियों को वसूल करना; और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षित संपत्तियों का कोई भी हस्तांतरण, हस्तांतरित सुरक्षित संपत्तियों के सभी अधिकारों और संबंधों में उसी प्रकार निहित होगा जैसे कि हस्तांतरण आपके द्वारा किया गया हो।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, ऊपर उल्लिखित और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी तरीके से (आपके व्यवसाय के सामान्य संचालन के अलावा) हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान : भिलाई, दिनांक : 07-07-2026 — हस्ताक्षरकर्ता : अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग रायगढ़ जिला - रायगढ़ (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **24.07.2026** समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|
| 194617 | 03/ व.ले.लि. / 2026-2027 दिनांक 03.07.2026 | केलो परियोजना के शारदा वितरक नहर के आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 5000 मी. तक सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग का कार्य। | 294.53 (जी.एस.टी. छोड़कर) | प्रथम आमंत्रण |
| 194644 | 04/ व.ले.लि. / 2026-2027 दिनांक 03.07.2026 | केलो परियोजना के तेलीपाली वितरक नहर के आर.डी. 6000 मी. से आर.डी. 11700 मी. तक सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग का कार्य । | 298.49 (जी.एस.टी. छोड़कर) | प्रथम आमंत्रण |
| 194646 | 05/ व.ले.लि. / 2026-2027 दिनांक 03.07.2026 | केलो परियोजना के टेंगापाली वितरक नहर के आर. डी. 6000 मी. से 12000 मी. तक सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग कार्य। | 309.04 (जी.एस.टी. छोड़कर) | प्रथम आमंत्रण |
| 194647 | 06/ व.ले.लि. / 2026-2027 दिनांक 03.07.2026 | केलो परियोजना के टेंगापाली वितरक नहर के आर. डी. 0 मी. से 6000 मी. तक सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग कार्य। | 364.47 (जी.एस.टी. छोड़कर) | प्रथम आमंत्रण |
| 194654 | 07/ व.ले.लि. / 2026-2027 दिनांक 03.07.2026 | केलो परियोजना के शारदा वितरक नहर के आर. डी. 5000 मी. से 8340 मी. तक सीमेंट क्रांकीट लाईनिंग कार्य। | 198.65 (जी.एस.टी. छोड़कर) | प्रथम आमंत्रण |

(विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 एवं संशोधित दर दिनांक 08.08.2025 पर आधारित)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 10.07.2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

कार्यपालन अभियंता
केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग रायगढ़
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

G-262701925/4



**Public Works Department**
**Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)**

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(1st Call)**

**No. 11/Raipur /2026-27** — **Raipur, Dated. 03.07.2026**

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work राज्य स्तरीय नवीन विश्रामगृह हेतु Planning, design, Estimation, DPR एवं Structural Design तैयार कराने वास्तुविद् की नियुक्ति हेतु ।
Situated at Raipur
Probable cost of project Rs. 80.00 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below:-

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture/ consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-03 |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost | Open to All Architect RFP (Request For Proposal) | Raipur Rs.3,000-00 |

General Condition:- All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 23.07.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

**Superintending Engineer**
**Public Works Department**
**Raipur Circle No-1 Raipur**

G-262701909/3

## हालैंड ने दागे शानदार दो गोल, पांच बार के चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराया

# नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में, ब्राजील बाहर

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

एर्लिंग हालैंड ने 80वें मिनट में पहला गोल किया और नियमित समय के समाप्त होने से ठीक पहले एक और गोल दागा, जिससे नॉर्वे ने पांच बार के चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस युवा स्ट्राइकर को मैच में अधिकतर समय गेंद को स्पर्श करने के कम ही मौके मिले लेकिन जब महत्वपूर्ण अवसर पर गेंद उनकी जद में आई तो उन्होंने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर दिखा दिया कि वह कितने प्रतिभाशाली हैं। हालैंड ने हाफ टाइम के बाद मैदान में उतरे एंड्रियास शेल्डरुप के बेहतरीन पास पर गेंद को अपने दाहिने तरफ से गोल में पहुंचाया। यह छह फुट पांच इंच लंबे हालैंड का विश्व कप में छठा गोल था, जिसका जश्न शेल्डरुप ने उनकी पीठ पर चढ़कर मनाया। शेल्डरुप ने इसके बाद हालैंड के विश्व कप में सातवें गोल करने में भी मदद की और फिर उसी तरह से जश्न मनाया।



### मेस्सी, एमबाप्पे की बराबरी पर पहुंचे हालैंड

इस गोल से हालैंड ने मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने के मामले में लियोनेल मेस्सी और काइलियन एमबाप्पे की बराबरी कर ली। ब्राजील की तरफ से नेमार ने स्टॉपेज टाइम के अंत में पेनल्टी किक पर गोल किया, जिससे उसकी हार का अंतर ही कम हुआ। हालैंड ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार 14 प्रतिस्पर्धी मैचों में गोल करने का सिलसिला जारी रखा। इस दौरान उन्होंने 27 गोल किए हैं। नॉर्वे के लिए वह 54 मैचों में 62 गोल कर चुके हैं। नॉर्वे की इस जीत में उसके गोलकीपर ओरजान नाइलैंड की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने कुछ शानदार बचाव किए।



### इंग्लैंड ने रोका मैक्सिको का अजेय अभियान, अंतिम 16 में बनाई जगह

**मैक्सिको सिटी।** इंग्लैंड की एस्टाडियो एज़्टेका स्टेडियम से कुछ कड़वी यादें जुड़ी थी जबकि मैक्सिको विश्व कप में हमेशा यहां से सुखद अनुभूति के साथ ही लौटा था लेकिन इसका उल्टा हो गया। इंग्लैंड ने मैक्सिको को अंतिम 16 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में 3-2 से पराजित करके विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जूड बेलिंगहैम ने 98 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए और हैरी केन ने पेनल्टी को तब गोल में बदला जब इंग्लैंड 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। इससे इंग्लैंड ने इस स्टेडियम में मैक्सिको को विश्व कप में पहली हार का स्वाद चखाया। इंग्लैंड सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में नॉर्वे का सामना करेगा।

### नेमार ने इंटरनेशनल फुटबॉल को कहा अलविदा



**ईस्ट रदरफोर्ड।** स्टार स्ट्राइकर नेमार ने ब्राजील के विश्व कप से बाहर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। नेमार ने कहा, 'मैंने अपनी तरफ से प्रयास किए। इसकी शुरुआत मेटलाइफ स्टेडियम से हुई थी और यहीं पर इसका अंत हुआ। अब यह सब खत्म हो चुका है।' इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने 9 अगस्त 2010 को इसी स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ मैत्री मैच से अपने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने नॉर्वे के खिलाफ बेंच से मैदान में उतरने के बाद अंतिम मिनटों में पेनल्टी किक पर गोल किया। ढदाहिनी पिंडली में चोट के कारण नेमार टूर्नामेंट में ब्राजील के पांच मैचों में से केवल दो में ही खेल पाए। ग्रुप चरण में वह स्कॉटलैंड के खिलाफ सिर्फ 15 मिनट के लिए मैदान पर उतरे थे। एक दशक से अधिक समय तक ब्राजील के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे नेमार हाल के वर्षों में चोटों से जूझते रहे, जिससे वह अपनी पूरी क्षमता से नहीं खेल पा रहे थे। ब्राजील फुटबॉल की जिम्मेदारी अब अगली पीढ़ी संभाल रही है।

विम्बलडन

## एला को मात देकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं पाओलिनी

एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन में इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने विमेंस सिंगल्स के चौथे राउंड में एलेक्जेंड्रा एला को 6-4, 4-6, 6-3 से मात दी। चिलचिलाती गर्मी में सेंटर कोर्ट पर फिलीपींस की उभरती हुई खिलाड़ी की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। अब क्वार्टर फाइनल में पाओलिनी का मुकाबला 12वीं सीड मार्टा कोस्तयुक से होगा, जो ऐशलिन क्रूगर को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम-आठ के दौर में पहुंची हैं।

एलेक्जेंड्रा एला किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड तक पहुंचने वाली फिलीपींस की पहली महिला खिलाड़ी हैं। इस मैच में एला के निडर शॉट और उनके दृढ़ संकल्प की झलक दिखी। 13वीं सीड पाओलिनी ने मैच की तेज शुरुआत करते हुए पहले सेट में 4-1 की बढ़त बनाकर खेल पर अपना नियंत्रण बनाने की कोशिश की। हालांकि, 21 वर्षीय बाएं हाथ की खिलाड़ी एला ने धीरे-धीरे अपनी लय हासिल कर ली।





### क्वार्टर फाइनल में पहुंचे कोबोली मिनौर को दी शिकस्त

**लंदन।** विंबलडन में फ्लेवियो कोबोली ने चौथे दौर के मैच में एलेक्स डी मिनौर को 7-5, 7-6(4), 6-3 से मात देकर लगातार दूसरे साल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। मेंस सिंगल्स का यह मुकाबला 2 घंटे और 34 मिनट तक चला। लंदन की तेज धूप में कोबोली ने अपना संयम बनाए रखा। दूसरे और तीसरे सेट में डी मिनौर के पास ब्रेक की बढ़त होने के बावजूद, इस इतालवी खिलाड़ी ने बार-बार लंबी रैलियों में नियंत्रण हासिल किया। उन्होंने अपने शॉट की ताकत, सटीक एंगल और निडर होकर गेंद को हिट करने की क्षमता का इस्तेमाल करते हुए मजबूत ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को थका दिया। इस साल की चैंपियनशिप में टॉप-10 खिलाड़ियों के बीच खेले गए इस मैच में कोबोली ने संयमित खेल दिखाते हुए डी मिनौर की चुनौती को पार किया। 24 वर्षीय खिलाड़ी निकोला पिएत्रांगेली और जानिक सिनर के बाद विंबलडन में एक से ज्यादा बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले तीसरे इतालवी पुरुष बन गए।

## जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान, संजू सैमसन बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस साल जिम्बाब्वे दौरे के लिए 3 मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए भारतीय स्क्वाड की घोषणा कर दी है। इस दौरे के लिए सीनियर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की कप्तानी और तिलक वर्मा की उपकप्तानी में कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम देते हुए युवाओं से सजी एक बेहद आक्रामक और संतुलित टीम का चयन किया है। हैरानी की बात यह है कि इस टीम से संजू सैमसन को ड्रॉप कर दिया गया है।



### 4 खिलाड़ियों टीम इंडिया में एंट्री

चयनकर्ताओं ने इस बार आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले 4 नए अनकैप्ड खिलाड़ियों पर बड़ा भरोसा जताया है। तेज गेंदबाज यश ठाकुर और अशोक शर्मा को पहली बार भारतीय टीम का टिकट मिला है। इनके अलावा ऑलराउंडर हर्ष दुबे और विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की भी पहली बार सीनियर टीम इंडिया में एंट्री हुई है। वहीं मयंक यादव की एक बार फिर से टीम में एंट्री हुई है।

### जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, वरुण चक्रवर्ती, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

### आर. प्रज्ञानानंदा की शानदार वापसी हासिल किया तीसरा स्थान

**जाग्रेब।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर के क्रोएशियाई चरण के अंतिम दिन शानदार वापसी करते हुए संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने 23.5 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के ही मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के साथ 21.5 अंक जुटाकर संयुक्त तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दिन की शुरुआत जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार के साथ की लेकिन इसके बाद अंतिम आठ बाजियों में छह अंक जुटाकर शानदार वापसी की। उन्हें दूसरी हार हमवतन और मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश के खिलाफ मिली, जबकि उन्होंने टूर्नामेंट विजेता फिरोजा को हराने में सफलता हासिल की।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

**सेजबहार शाखा, रायपुर (छ.ग.)**

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी/सह-ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | प्रकार / सीमा / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| **श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव**, वोडाफोन टावर के पास, विकास नगर, गुढ़ियारी, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिनकोड-492011. | **शीर्षक धारक का नामः श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव**, खसरा नं. 430/44, मौजा, ग्राम-गोगांव, बड़ा अशोक नगर, गुढ़ियारी, प.ह.नं. 107/50, आरएनएम-रायपुर -4, रामकृष्ण परमहंस वार्ड नं. 02, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफल- 829.31 वर्ग फीट । (विक्रय विलेख के अनुसार- क्षेत्रफल- 880.00 वर्गफीट) में स्थित आवासीय भवन एवं भूमि के समस्त भाग व अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** रिंकू भगत की भूमि, **दक्षिण-** तामेश्वरी पटले की भूमि, **पूर्व-** तिलक राव का मकान, **पश्चिम-** सड़क । CERSAI ID: 400038974837 | HOUSING LOAN -PMAY HOME LOAN SECURE<br>₹ 22,10,000.00<br>30/06/2026 पर कुल देय धनराशि ₹ 23,25,485.25<br>एनपीए तिथि 25/06/2026 |

उपर्युक्त उल्लेखित ऋणी/ सह-ऋणी एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, सेजबहार शाखा, रायपुर (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था । जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी । ऋणी/ सह-ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 06.07.2026 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

## युवा वनडे : भारत का मजबूत स्कोर अन्वय द्रविड़ ने खेली शानदार पारी

एजेंसी ▶▶| हंबनटोटा

राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने 67 गेंदों में 87 की शानदार पारी खेली, जिससे भारत अंडर-19 टीम ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे युवा वनडे मैच में सभी विकेट खोकर 285 रन बनाए। भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 81 रन था। अन्वय (नौ चौके और एक छक्का) और अर्जुन राजपूत (76) ने टीम को संकट से उबारा। विकेटकीपर-बल्लेबाज अन्वय और राजपूत ने पांचवें विकेट के लिए 145 रन जोड़कर भारत को 221 रन तक पहुंचाया। राजपूत के आउट होने से यह साझेदारी टूटी।



अन्वय ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 47 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

**धमतरी घड़ी चौक शाखा (छ.ग.)**

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी/सह-ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | प्रकार / सीमा / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| 1. **मेसर्स ए.के. ऑयल सेंटर, प्रोपराइटर श्री परवेज हुसैन अनीस**, वार्ड नं. 33, टिकरापारा, धमतरी, छत्तीसगढ़, पिनकोड- 493773 **एवं** पहली मंजिल, नरशिंग टॉवर, डॉ. महावास क्लिनिक के ऊपर, मकई चौक के पास, रायपुर रोड, धमतरी, छत्तीसगढ़, पिन कोड- 493773<br>2. **श्री परवेज हुसैन अनीस पुत्र श्री शब्बीर हुसैन**, मकान नं. 272 3, गली नं. 3, अटल आवास के सामने, विवेकानन्द नगर, धमतरी, छत्तीसगढ़-पिनकोड-493773<br>3. **श्रीमती रिजवाना अनीस पत्नि श्री परवेज हुसैन अनीस**, ए.के. ऑयल सेंटर, रायपुर रोड, मकई चौक के पास, सुंदरगंज वार्ड, धमतरी, छत्तीसगढ़, पिनकोड-493773 | 1. **शीर्षक धारक का नामः श्रीमती रिजवाना अनीस पत्नि श्री परवेज हुसैन अनीस**, खसरा नं. 63/4 (भाग) (राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार- खसरा नं. 63/36), जोधापुर वार्ड धमतरी (वार्ड नं. 19) प.ह.नं. 16/22, आरएनएम- धमतरी, तहसील एवं जिला- धमतरी, छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफल-1400.00 वर्गफीट में स्थित आवासीय भवन एवं भूमि का साम्यिक बंधक । **चौहद्दीः उत्तर-** अन्य की भूमि, **दक्षिण-** पूर्व विक्रेता द्वारा छोड़ी गई सड़क, **पूर्व-** विक्रेता की भूमि, **पश्चिम-** पूर्व विक्रेता द्वारा छोड़ी गई सड़क । CERSAI ID:- 400083536082 | MSME - OD/OCC<br>₹ 20,00,000.00<br>29/06/2026 पर कुल देय धनराशि ₹ 20,12,915.83<br>एनपीए तिथि 29/06/2026 |

उपर्युक्त उल्लेखित ऋणी/ सह-ऋणी एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, धमतरी घड़ी चौक शाखा (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था । जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी । ऋणी/ सह-ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 06.07.2026 स्थानः धमतरी (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

**जी.ई. रोड शाखा, भिलाई (छ.ग.)**

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी/सह-ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | प्रकार / सीमा / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| 1. **श्री दिलीप सोनी पुत्र श्री अवध नारायण सोनी**<br>2. **श्रीमती संध्या सोनी पत्नि श्री दिलीप सोनी**<br>**दोनों का पताः** 153, गांधी चौक, वार्ड नं. 32, बालाजी नगर, जोन-02, सेक्टर-11, खुर्सीपार, भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़-490011 | 1. **शीर्षक धारक का नामः श्रीमती संध्या सोनी पत्नि श्री दिलीप सोनी एवं श्री दिलीप सोनी पुत्र श्री अवध नारायण सोनी**, नया खसरा नंबर 3786/5 (पुराना खसरा 3786/1), प.ह.नं. 14/19, आरएनएम-दुर्ग-01, नगर निगम भिलाई के अंतर्गत मौजा ग्राम- कोहका, फरीद नगर, कोहका वार्ड नं. 07, टाटा लाईन अदर भाग, तहसील व जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफल- 1240 वर्गफीट/115.24 वर्ग मीटर में स्थित आवासीय भवन एवं भूमि के समस्त भाग व अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** गुलाब का मकान, **दक्षिण-** दाता की शेष भूमि, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** दूसरे का मकान । CERSAI ID: 400071647899 | Housing Finance<br>₹ 12,70,000/-<br>01/07/2026 पर कुल देय धनराशि ₹ 12,66,746.95<br>एनपीए तिथि 29/06/2026 |

उपर्युक्त उल्लेखित ऋणी/ सह-ऋणी एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, भिलाई जी.ई. रोड शाखा (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था । जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी । ऋणी/ सह-ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 06.07.2026 स्थानः भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक




## दुनिया की अनोखी शादी

# दूल्हा बने नेताजी और दुल्हन मगरमच्छ



**मेक्सिको।** मेक्सिको के दक्षिणी प्रांत ओक्षासा में स्थित सैन पेड्रो हुआमेलुला से एक बेहद हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां के विक्टर ह्यूगो सोसा ने एक मादा मगरमच्छ से अनोखी शादी है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि मगरमच्छ को दुल्हन की तरह सजाया गया था। उसे सफेद ड्रेस पहनाई गई खी और फूलों से सजाया गया था। मेयर विक्टर को दुल्हन बने मगरमच्छ को बार-बार किस करते हुए देखे गए। सोशल मीडिया पर मेयर और मगरमच्छ की शादी की फोटो और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं।

**क्यों मेयर ने की मगरमच्छ से शादी :** मगरमच्छ और मेयर की शादी सदियों पुरानी एक आदिवासी परंपरा है। मीडियो रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्थानीय का कहना है कि मेयर के मगरमच्छ से शादी करने से यहां के मछुआरों को अच्छी किस्मत मिलती है। समुद्र में मछली पकड़ने में सफल होते हैं और पूरे समुदाय समृद्ध होता है। इसी परंपरा के तहत मेयर ने मगरमच्छ से शादी की है।

### आखिर क्या है परंपरा?

मेक्सिको में पारंपरिक रीति के मुताबिक, मगरमच्छ को राजकुमारी माना जाता है। इस मगरमच्छ को एक राजकुमारी के समान मान्यता दी जाती है। पारंपरिक विवाह समारोह का बीते 230 वर्षों से आयोजन किया जा रहा है। इस परंपरा के मुताबिक, मेयर को चोंटल के राजा का प्रतीक माना जाता है, जिसकी वजह से उन्हें मगरमच्छ से शादी करनी पड़ती है। ऐसी शादी को खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

## भारत की 'गुरुकुल डिप्लोमेसी', वीडियो भी किया शेयर

# 6000 किमी दूर ऑस्ट्रिया में विदेशी बच्चे पढ़ रहे पंचतंत्र का पाठ

**विएना।** स्कूल में पढ़ाई के दौरान आपने पंचतंत्र की कहानियां जरूर पढ़ी होंगी। अब इन्हें भारत से 6000 किलोमीटर दूर यूरोप के ऑस्ट्रिया शहर में भी स्कूली बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। ऑस्ट्रिया में भारतीय राजदूत शंभू कुमारन ने 1 जुलाई को वियना के स्कूली बच्चों को पंचतंत्र की कहानियां सुनाईं। वियना स्थित भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट में राजदूत द्वारा बच्चों को पढ़ाने की गतिविधि को 'गुरुकुल डिप्लोमेसी' का नाम दिया है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उसने लिखा, 'गुरुकुल डिप्लोमेसी- भारतीय राजदूत शंभू कुमारन वियना में स्कूली बच्चों को पंचतंत्र की कहानियां पढ़ा रहे हैं।' इसके अलावा, ये भी बताया गया कि ऑस्ट्रियाई स्कूली बच्चों के लिए हाल ही में पंचतंत्र का जर्मन अनुवाद भी उपलब्ध कराया गया है। इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी शेयर किया गया है, जिसमें भारतीय राजदूत को बच्चों को पढ़ाते हुए देखा जा सकता है।



### पंचतंत्र की कहानियों से जुड़ रहे ऑस्ट्रियाई बच्चेः भारतीय राजदूत

राजदूत शंभू कुमारन ने बच्चों को पढ़ाने को गर्व का पल बताया और इसे भारत और ऑस्ट्रिया के बीच सांस्कृतिक सेतु बनाने का एक मौका कहा। उन्होंने कहा कि बच्चे पंचतंत्र की कहानियों से तुरंत जुड़ गए। उन्होंने किताब में शानदार चित्र बनाने के लिए ऑस्ट्रियाई कार्टूनिस्ट क्लॉस पिटर का भी धन्यवाद किया। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि ऑस्ट्रियाई बच्चे पंचतंत्र से इतनी आसानी से जुड़ रहे हैं। मैं इस सांस्कृतिक सेतु का हिस्सा बनकर खुश हूं, जो कुछ रंगीन कहानियों के जरिए महाद्वीपों और पीढ़ियों को जोड़ता है। शानदार चित्रों के लिए ऑस्ट्रियाई कार्टूनिस्ट क्लॉस पिटर का विशेष धन्यवाद।

### जर्मन भाषा में पंचतंत्र की कहानियों का हो रहा पॉडकास्ट

राजदूत देश भर में बच्चों को नियमित रूप से पंचतंत्र की कहानियां सुनाते रहे हैं। इससे पहले जून में, ऑस्ट्रिया में भारतीय दूतावास ने वियना शहर और स्थानीय स्कूलों में 'बाउंस बैक' प्रोजेक्ट के सहयोग से 'स्टोरीज फ्रॉम द पंचतंत्र' (पंचतंत्र की कहानियां) का अगला अध्याय पेश किया था। यह मशहूर ऑस्ट्रियाई पॉडकास्टर थॉमस ब्रेजिना की एक वीडियो पॉडकास्ट सीरीज है, जिसमें वे जर्मन भाषा में पंचतंत्र की सदाबहार कहानियां सुनाते हैं। लॉन्च इवेंट के दौरान, दूतावास ने बताया कि वियना के एक स्कूल के पचास से ज्यादा उत्साही छात्रों ने इसमें हिस्सा लिया। राजदूत शंभू कुमारन ने चुनिंदा कहानियां सुनाईं और बच्चों से बातचीत की, जिन्होंने उत्साहपूर्वक अपने पसंदीदा किरदारों और कहानियों से मिली सीख के बारे में बताया।

### पंचतंत्र क्या है?

पंचतंत्र जानवरों की आपस में जुड़ी कहानियों और नैतिक शिक्षा देने वाली कथाओं का एक प्राचीन भारतीय संग्रह है। इन्हें युवा राजकुमारों को समझदारी भरे व्यवहार, नेतृत्व और व्यावहारिक जीवन के सिद्धांत सिखाने के लिए बनाया गया था। संस्कृत नीति कथाओं में पंचतंत्र का पहला स्थान माना जाता है। इस ग्रंथ के रचयिता पंडित विष्णु शर्मा है। आज विश्व की 50 से भी अधिक भाषाओं में इनका अनुवाद प्रकाशित हो चूका है। पंचतंत्र में कुल 5 चैप्टर (तंत्र) हैं। इनकी सूची नीचे दी गई है:

- मित्रभेदः दोस्तों के बीच फूट डालना या मतभेद पैदा करना।
- मित्रलाभ (मित्र-संप्राप्ति): नए दोस्त बनाने की कला और उनके लाभ।
- काकोलुकीयम् (संधि-विग्रह): कौवों और उल्लुओं की शत्रुता के जरिए युद्ध और संधि की नीति।
- लब्धप्रणाशः जो वस्तु मिल चुकी है, उसे खो देने की कहानी (सावधानी न रखने का परिणाम)।
- अपरीक्षित कारकः बिना सोचे-समझे या बिना जांच किए गए कार्यों के दुष्परिणाम।

# अंटार्कटिका में बहता है खूनी झरना? वैज्ञानिकों ने सुलझाया रहस्य



**ओस्लो।** अंटार्कटिका में बर्फ के बीच एक झरना बहता है, जिसका पानी बिल्कुल खून की तरह लाल है। वैज्ञानिकों ने साल 1911 में पहली बार इस रहस्यमयी खूनी झरने को खोजा था। इसे देखकर उनके होश उड़ गए। सबसे बड़ा सवाल यह था कि माइनस डिग्री तापमान में सब कुछ जम जाता है, तो लाल खौफनाक पानी कैसे और कहां से आ रहा है। 100 वर्ष से ज्यादा पुराने रहस्य को सुलझाने में वैज्ञानिक लगे हुए थे। अब उन्होंने बर्फ की गहराइयों में छिपे रहस्य से पर्दा उठा दिया है, जिसके बारे में जानकर सभी हैरान हैं। अंटार्कटिक साइंस जर्नल में एक नया शोध प्रकाशित हुआ है।

### क्यों झरने का पानी है खून की तरह लाल?

ग्लेशियर के नीचे यह पानी सामान्य नहीं है, बल्कि यह एक प्राचीन और अत्यधिक नमकीन घोल है। लगभग 15 लाख साल पहले जब ग्लेशियर आगे बढ़ रहे थे, तब समुद्र का पानी करीब 400 मीटर गहरी बर्फ के नीचे जमा हो गया था। पानी में नमक की मात्रा अधिक होने की वजह से यह बेहद कम तापमान (-10C से भी नीचे) में भी बर्फ नहीं बनता और लिक्विड फॉर्म में ही रहता है। प्राचीन पानी में आयरन की मात्रा अधिक होती है। आयरन-युक्त पानी ग्लेशियर की दरारों से बाहर निकलकर हवा के संपर्क में आते ही ऑक्सीजन के साथ रिएक्शन करता है।

### क्या कहता है नया शोध?

वैज्ञानिकों को पता था कि पानी का रंग लाल क्यों है, लेकिन भारी बर्फ के भीतर पानी कैसे बाहर आता है, जो एक रहस्य था। नए शोध में इस पहेली को सुलझा लिया गया है। वैज्ञानिकों ने साल 2018 में झरने के पानी की घटना को ग्लेशियर में हुए बदलावों से मिलाया। उन्हें पता चला कि जब झरने से लाल पानी बाहर आया, तो उसी दौरान ग्लेशियर की सतह में करीब 15 मिलीमीटर की मामूली गिरावट हुई थी और कुछ समय के लिए ग्लेशियर की रफ्तार भी धीमी हुई थी।






HDFC BANK | SBI | स्कूटर चलाते वक्त हमेशा हेल्मेट पहनें. | tvsjupiter | www.tvsmotor.com/tvs-jupiter | Call: 1800 315 7777

^ Ex-showroom price of TVS Jupiter 110 BS VI Drum variant in Chhattisgarh. # Scheme valid till 31st July, 2026. Offer applicable only on using HDFC & SBI Bank credit card EMI transactions. ## T&C apply. Finance will be at the sole discretion of the financier. * Under TVSM internal test conditions. + 5 year warranty included. Additional 5 year warranty can be purchased.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत डीलर – भठगांव : रायपुर टीवीएस, मो. 7909500091, फाफाडीह : सांई मोटर्स, मो. 6262626003, आरंग : सांई मोटर्स, मो. 6262626001, लालपुर : सांई मोटर्स, मो. 6262626006, तेलीबांधा : हीरा टीवीएस, मो. 7880134300, पंडरी : अवनि टीवीएस, मो. 8305165176, जी.ई. रोड: भारत टीवीएस, मो. 9111499111, भिलाई सुपेला: ईशान ऑटोवर्ल्डप्रा. लिमिटेड, मो. 8871212121, रालस ऑटोकॉर्प प्राइवेटलिमिटेड, मो. 9171759000, भिलाई 3 : रालस ऑटोकॉर्प प्राइवेटलिमिटेड, मो. 9171759000, दुर्ग : एस.एस.डी. मोटर्स प्राइवेटलिमिटेड, मो. 7693062762, जगदलपुर : स्पाक ऑटो स्टोर एलएलपी, मो. 7509199999, धमतरी : स्कूटर हाउस, मो. 9827196521, कवर्धा : श्री गुरुनानक ऑटोमोबाइल एलएलपी, मो. 9993309707, राजनंदगांव : एल.सी.के. मोटर्स प्राइवेटलिमिटेड, मो. 9993876300, 8770681011, इंडियन टीवीएस, मो. 9826166566, 9826366566, कोंडागांव : शाई सेल्स एलएलपी, मो. 9692465300, 9779595705, बागबाहरा : कनिज ऑटोमोबाइल्स एलएलपी, मो. 9355530533, दल्लीराजहरा : गुरुदेव ऑटोमोबाइल्स, मो. 9981931573, कांकेर : आयशा मोटर्स, मो.. 8448493681. अधिकृत डीलर – पखांजोर : बंगाल साइकिल एवं ऑटो पार्ट्स, मो. 9479220572, नगरी : दिकेश ऑटो, मो. 9981761572, चारामा : एन सांई टीवीएस ऑटोमोबाइल्स, मो. 9039179813, कुरुद : भिलाई ऑटो, मो. 8982652500, भखारा : समृद्धि मोटर्स, मो. 9202336345, मैनपुर : अनम ऑटो, मो. 7000618960, भानुप्रतापुर : सुभाष मोटर्स, मो. 9755249656, बांदे : रामकृष्ण ऑटो, मो. 6267093399, नारायणपुर : खुशी ऑटोमोबाइल्स, मो. 9406107712, नागरनार : श्री ऑटोमोबाइल्स, मो. 7008549433, गरियाबंद : दिकेश मोटर, मो. 8720000334, अभनपुर : श्री ओम ऑटो, मो. 9893369485, छुरा : पटेल ऑटोमोबाइल्स, मो. 8889994949, गोहरापदर : गणेश ऑटो केयर, मो. 9819380089, बिरगांव रायपुर : ओम श्री मोटर्स, मो. 9039358352, दोंदेखुर्द : आर.एम. मोटर्स, मो. 9826133734, धामधा : श्री हरि मोटर्स, मो. 9302290263, भिंभौरी : भवानी मोटर्स, मो. 9926150675, राजिम : अरिहंत ऑटोमोबाइल्स, मो. 9826113240, नवापाराजिम : श्री कुशल ऑटो, मो. 8109788711, खरोरा : प्रतीक ऑटोमोबाइल्स, मो. 9827197564, नेओरा : प्रतीक ऑटोमोबाइल्स, मो. 9300414173, उतई : वी.के. मोटर्स, मो. 8959187052, पाटन : देव ऑटो, मो. 9981086462, अमलेश्वर : शिवाय ऑटोमोबाइल्स, मो. 9111070701, डोंगरगढ़: रेयांश ऑटो, मो. 7415344077, 9753211132, खैरागढ़: आर.के. ऑटोमोबाइल, मो. 7489863424, पांडातराई : सांई मोटर्स, मो. 8305728281, पंडरिया : ज्योति एजेंसी, मो. 9893592635, डोंगरगांव : भारत ऑटो, मो. 9827196076, अम्बागढ़चौकी : भारत ऑटो, मो. 9827196076, मोहला : शुभम मोटर्स, मो. 9399757956, मुरमुंडा : हीरा इंटरप्राइजेज, मो. 8085039059, पोटिया चौक : माय ऑटोमोबाइल्स, मो. 8839205689, माना बस्ती : एन.एस.एम. मोटर्स, मो. 9826150446, सेजबहार : यशश्री मोटर्स, मो. 8390096555, शामपुर : डी.आर. सेल्स एण्डसर्विस, मो. 9424146682, जुनवानी : जे.डी. मोटर्स, मो. 8959187052, गंडई : सानिया मोटर्स, मो. 9575726332, गुंडरदेही : शिवांश ऑटोमोबाइल्स, मो. 9340940548, बनियागांव : श्री वेंकटेश्वर, मो. 8871572202, सारागांव : श्री गणपति ऑटोज़, मो. 9981855981, फरसगांव : श्री नारायण सेल्स, एम. 9685968593, जामुल : एम.एस. ऑटोमोबाइल्स, मो. 9244008181, लाखोली : श्री श्रीवास मोटर्स, मो. 6266166230, सिलयारी : गौरव ऑटोमोबाइल, मो. 7566593315, छुईखदान : आर.के. ऑटोमोबाइल, मो. 7489863424, देवभोग : खेतेश्वर मोटर्स, मो. 7000186541, सुकमा : पी.आर. ऑटोमोबाइल, मो. 7824006017, बचेली : वोलेंटटीवीएस, मो. 8253001320, गीदम : जगदंबा टीवीएस, मो. 9893801015, गोहरापदर : गणेश ऑटो केयर, मो. 8319380089, बीजापुर : धनलक्ष्मी ऑटोमोबाइल, मो. 9479012090, सालेहवारा : विदर्भ मोटर्स, मो. 7587490364, केशकल : हर्ष ऑटोमोबाइल्स, मो. 9685512528.

dentsu/hb rai/02/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com